**सुविचार**

पूर्णतया निंदित या पूर्णतया प्रशंसित पुरुष न था, न होगा, न आजकल है।

धम्मपद

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 27 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 161 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com





08

शहनाज गिल का सिद्धार्थ शुक्ला के बाद किसने...


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,970.00 |
| निफ्टी | : | 18,691.20 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,580 |
| चांदी | : | 75.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### भारत-अमेरिका की मित्रता वैश्विक भलाई के लिए : पीएम

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका की मित्रता वैश्विक भलाई के लिए है। इससे हमारा ग्रह बेहतर और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के ट्वीट को रिट्वीट कर यह बात कही। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच की दोस्ती दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण दोस्ती में से एक है। यह पहले से कहीं अधिक मजबूत, करीब और अधिक गतिशील है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे उनकी बात से इत्तेफाक रखते हैं। हमारे देशों के बीच मित्रता वैश्विक भलाई की ताकत है। यह ग्रह को बेहतर और अधिक टिकाऊ बनाएगा। मेरी हाल की यात्रा में जो बातें सामने आई हैं, उससे हमारा बंधन और भी मजबूत होगा।

### एनआईए ने कश्मीर घाटी के चार जिलों में दी दबिश

**SRINAGAR :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार सुबह कश्मीर घाटी के चार जिलों में कई जगह दबिश दी है। एक अधिकारी ने कहा है कि एनआईए की टीमों ने स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से घाटी में कई स्थानों पर छापा मारा है। इस अफसर के अनुसार छापेमारी पुलवामा, कुलगाम, शोपियां और बांदीपोरा जिलों में की जा रही है। यह कार्रवाई आतंक से जुड़े मामलों और आतंकवादियों के सहयोगियों को लेकर की जा रही है।

### 60-40 नाय चलतो आंदोलन को लेकर महा संगोष्ठी तीन जुलाई को

**RANCHI :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन (जेएसएसयू) प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि छह माह से चल रहे 60-40 नाय चलतो आंदोलन के मूल्यांकन को लेकर महासंगोष्ठी का आयोजन किया गया है। तीन जुलाई को संगोष्ठी में 24 जिले के नेतृत्वकर्ता जुटेंगे। महतो ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह महा संगोष्ठी टैगोर हिल रोड चिरौंदी में आयोजित की जाएगी। इसमें पांचों प्रमंडल के 24 जिलों के आंदोलनकारी नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने से लगातार कई डिजिटल और फिजिकल आंदोलन को ऐतिहासिक सफल बनाने के बावजूद सरकार 60-40 नाय चलतो महा आन्दोलन को नजर अंदाज कर रही है।

# आज रांची से रवाना होगी वंदे भारत EXPRESS



## आज पांच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पांच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। यह पहली बार है कि पांच वंदे भारत ट्रेनों का संचालन एक ही दिन शुरू होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जून को मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10:30 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और वहां आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पांच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

- प्रधानमंत्री मोदी ऑनलाइन दिखाएंगे हरी झंडी
- पटना से नियमित परिचालन कल से होगा शुरू

**PHOTON NEWS RANCHI :** बिहार और झारखंड की राजधानी रांची को जोड़ने के लिए शुरू की जा रही सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का चौथा ट्रायल सोमवार को सफल रहा है। सुबह 4:15 बजे पटना से इस ट्रेन का अंतिम ट्रायल किया गया। यह ट्रेन निर्धारित समय से पांच मिनट पहले सिर्फ छह घंटे में रांची पहुंच गई। अंतिम ट्रायल में रेलवे के अधिकारी और मीडिया के लोगों को शामिल किया गया।

पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यह ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। उद्घाटन मौके पर चयनित 10 स्कूली बच्चों को फ्री में रांची से पटना तक का सफर कराया जाएगा। इसके अलावा चयनित 10 स्कूली बच्चे उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाने के समय मौजूद रहेंगे। इससे पहले 12 जून को पहला और 18 जून को दूसरा ट्रायल और 25 जून को तीसरा ट्रायल किया गया। 27 जून को उद्घाटन होने के बाद यह ट्रेन नियमित तौर पर सप्ताह में मंगलवार छोड़कर छह दिन रांची से पटना तक चलेगी। कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना समेत कई स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा। वंदे भारत ट्रेन हटिया स्टेशन से अपराह्न बाद 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी।

# राज्य पिछड़ा आयोग तय करेगा आरक्षण का मामला

## निकाय चुनाव पर राज्य कैबिनेट का फैसला

- 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पद सृजित
- नामकुम में अब बनेगा अपोलो अस्पताल, 2.75 एकड़ जमीन देने की मंजूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पद सृजित किए गए जिसमें बहाली की जाएगी। इसके तहत 1890 लिपिक और 2079 कर्मी होंगे। इसके अलावा प्रधानाध्यापक के भी पद होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई सोमवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने झारखंड राज्य दिव्यांग अधिकार नियमावली 2023 को बनाने की भी स्वीकृति दी है। कैबिनेट ने प्रदेश के 29834 आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को स्मार्टफोन देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह स्मार्टफोन 8000 रुपए जीएसटी के साथ दी जायेगी। रांची नगर निगम द्वारा डोरंडा के घाघरा में दिए गए 2.83 एकड़ भूमि के आवंटन को रद्द करते हुए नामकुम अंचल के कल्याणपुर मौजा में 2.75 एकड़ जमीन अपोलो अस्पताल बनाने के लिए लीज पर देने की मंजूरी दी है या जमीन 99 वर्षों के लिए अपोलो अस्पताल को लीज पर दी जाएगी। जिसके लिए 12.52 करोड़ रुपए लिए जाएंगे लीज समाप्ति के बाद उस वक्त के बाजार मूल्य से 10 फीसदी राशि लेकर फिर से लीज का नवीकरण किया जाएगा। वार्षिक लीज रेंट 0.5% रखा गया है। डोरंडा के घाघरा में अस्पताल निर्माण के लिए रास्ता नहीं मिलने की वजह से अपोलो प्रबंधन ने राज्य सरकार से दूसरी जगह जमीन आवंटित करने का आग्रह किया था। अपोलो प्रबंधन द्वारा अस्पताल निर्माण की योजना सालों से पेंडिंग है लेकिन अब नई जगह पर लोक निजी भागीदारी के तहत अस्पताल के लिए जमीन उपलब्ध कराने के बाद अस्पताल निर्माण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य पिछड़ा आयोग के गठन की स्वीकृति दी गई। इस बैठक में ही नगर निकाय चुनाव के कराने के पहले ओबीसी आरक्षण के लिए पूरे राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने पर निर्णय हुआ। राज्य पिछड़ा आयोग को ही इसकी जिम्मेवारी दी गई। आयोग पूरे राज्य में सर्वे करके सरकार को रिपोर्ट देगी जिसके आधार पर ही निकाय चुनाव कराये जायेंगे।

### केंद्र को सबसे अधिक रेवेन्यू झारखंड से, फिर हमारी गिनती पिछड़े राज्यों में : हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा से देश को सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है। फिर भी हमारा राज्य पिछड़े राज्यों की श्रेणी में गिना जाता है। पर्याप्त खनिज संपदा होने के बावजूद राज्य में विस्थापन की स्थिति है। हमारी सरकार खनिज संपदाओं के अतिरिक्त कई ऐसे क्षेत्रों पर बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए रोजगार का साधन बढ़ाने का कार्य कर रही है। भविष्य में खनिज संपदाओं के अलावा भी अन्य रोजगार के क्षेत्र में राज्य की दिशा कैसी होनी चाहिए, इसका रोडमैप सरकार बना रही है। राज्य में टूरिज्म की संभावनाएं असीम हैं। आने वाले समय में राज्य सरकार टूरिज्म के सभी क्षेत्रों का विस्तार करते हुए इसे रोजगार सृजन का मुख्य साधन बनाने पर कार्य कर रही है। राज्य में होटल ताज जैसे होटल बनाए जाएंगे। राज्य सरकार एक बेहतर विजन के साथ झारखंड को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। शिक्षा, टूरिज्म, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ एवं सशक्त करने का कार्य निरंतर जारी है। आने वाले दिनों में यहां के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करा सकें।

# बीरेंद्र राम से जुड़े मित्तल सहित तीन ED रिमांड पर

## प्रवर्तन निदेशालय की टीम आज से करेगी पूछताछ

**CRIME REPORTER RANCHI :** पीएमएलए कोर्ट ने ग्रामीण विकास विभाग के सस्पेंड चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के तीन मददगार नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और ताराचंद को पांच दिनों की रिमांड ईडी को दी है। तीनों आरोपियों पर बीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने में मदद करने का आरोप है। बता दें कि ईडी द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर छह दिनों की रिमांड मांगी थी। इस पर कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड ईडी को दी है। ईडी अब गिरफ्तार तीनों आरोपियों से कई अहम जानकारियां प्राप्त करेगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि तीनों आरोपियों की मनी लॉउंड्रिंग में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए इनसे पूछताछ जरूरी है। आरोपी नीरज मित्तल की तरफ



से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा तथा रामप्रकाश भाटिया व ताराचंद की तरफ से अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने रिमांड का विरोध किया। मंगलवार को तीनों को पूछताछ के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार से रांची के एयरपोर्ट स्थित ईडी कार्यालय ले जाया जायेगा। मालूम हो कि ईडी ने बीरेंद्र राम की काली कमाई की मनी लॉउंड्रिंग के आरोप में नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और बनानेवाला ताराचंद शामिल है।

### सीओ से ली जानकारी, आज होगी जेल अधीक्षक से पूछताछ

**RANCHI :** टाउन सीओ अमित भगत सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष उपस्थित हुए। इस दौरान ईडी ने उनसे कारोबारी विष्णु अग्रवाल के सर्कुलर रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल की जमीन और सिरमटोली स्थित जमीन के बारे में जानकारी ली। ईडी ने इन दोनों जमीन के कागजात के साथ सीओ को बुलाया था। सीओ देर शाम पांच बजे ईडी ऑफिस से बाहर निकले। बता दें कि विष्णु अग्रवाल से बीते 22 जून को करीब 8 घंटे तक पूछताछ की गई थी। वहीं दूसरी ओर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर से ईडी मंगलवार को पूछताछ करेगी।

**ईडी हामिद अख्तर से कई बिंदुओं पर करेगी पूछताछ**

हामिद अख्तर से ईडी यह जानना चाहती है कि किस नियम के तहत उन्होंने जेल में बंद एक कैदी निलंबित आईएएस छवि रंजन की दूसरे कैदी प्रेम प्रकाश से मुलाकात करायी थी। ईडी ने पूर्व में उनसे जेल की सीसीटीवी फुटेज मांगी थी जो अब तक ईडी को उपलब्ध नहीं कराया गया है। कोर्ट के आदेश के बावजूद जेल अधीक्षक ने सीसीटीवी फुटेज क्यों नहीं उपलब्ध कराया, इससे संबंधित कई सवालों की सूची ईडी ने तैयार रखी है। ईडी उनसे यह भी सवाल पूछेगी कि कैदियों को मदद पहुंचाने के एवज में उन्हें क्या लाभ हुआ।

### 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत नहीं

**MUMBAI :** बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने 15 साल की एक लड़की को अबॉर्शन की इजाजत देने से इनकार कर दिया। नाबालिग का रेप हुआ था और वह 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड के हवाले से बताया कि इस समय प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए लड़की की जबरन डिलीवरी करानी होगी। इस स्थिति में भी बच्चा जिंदा पैदा होगा। इसलिए बेहतर है कि लड़की की नेचुरल डिलीवरी कराई जाए। इसके बाद लड़की चाहे तो बच्चे को अपने पास रख सकती है या अनाथालय में दे सकती है। मेडिकल बोर्ड ने लड़की की जांच के बाद हाईकोर्ट को बताया था कि अभी प्रेग्नेंसी खत्म करने पर जो बच्चा पैदा होगा उसमें विकृतियां हो सकती हैं। बच्चा पूरी तरह विकसित नहीं हो पाएगा और जन्म के बाद उसे केयर यूनिट में रखना होगा। इसमें लड़की की जान को भी खतरा होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चा जिंदा ही पैदा होगा। नेचुरल डिलीवरी सिर्फ 12 हफ्ते दूर है, ऐसे में बच्चे के स्वास्थ्य और डेवलपमेंट को भी ध्यान में रखना होगा। इन 12 हफ्तों में बच्चा पूरी तरह से विकसित हो जाएगा।

**अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड में आया फैसला**

## लोकेश चौधरी सहित तीन आरोपी दोषी करार, 1 रिहा

**PHOTON NEWS RANCHI :** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में सोमवार को बहुचर्चित अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अग्रवाल बंधु हत्याकांड के प्रमुख आरोपी लोकेश चौधरी, धर्मेंद्र तिवारी और सुनील सिंह को दोषी करार दिया गया, जबकि लोकेश के एक अन्य सहयोगी रविशंकर लाल को



अदालत ने साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। दोषी करार दिए जाने के बाद कोर्ट ने 30 जून को सजा के बिंदु पर सुनवाई करने का तिथि निर्धारित की है।

### गुमला में डायन बिसाही के शक में महिला की हत्या

**GUMLA :** सिसई थाना क्षेत्र के नगर चडरी टोली गांव में डायन बिसाही के शक में महिला की पीटझपीट कर हत्या और तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में सिसई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 10 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। घटना को लेकर मृतका सालों देवी की घायल बहन सबिता कुमारी के फर्द बयान पर दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया था।

# हिमाचल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे सहित 83 सड़कें बंद, तीन की मौत

**AGENCY SHIMLA :** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का व्यापक असर दिख रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई भागों में भारी बारिश हुई है, जिससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। हमीरपुर जिले में सुजानपुर उपमण्डल के खेरी गांव में बादल फटने की घटना में कुछ घरों में बाढ़ का पानी घुस गया। भारी वर्षा से राज्य के कई क्षेत्रों में भूस्खलन होने से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है और एक घायल हुआ है।



इसके अलावा एक व्यक्ति अभी भी लापता है। भारी वर्षा और बाढ़ से कई पशुओं व गाड़ियों के बहने और अन्य सम्पति को भी नुकसान हुआ है। राज्य बारिश के बीच भूस्खलन से चंडीगढ़-मनाली व शिलाई-पांवटा साहिब नेशनल हाइवे सहित 83 सड़क मार्ग अभी भी अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### इंडिगो की फ्लाइट पाकिस्तान एयर स्पेस में घुसी

खराब मौसम की वजह से इंडिगो की श्रीनगर-जम्मू फ्लाइट 6ई-2124 रविवार को पाकिस्तान एयर स्पेस में दो बार घुस गई। इसके बाद फ्लाइट की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। ताजा घटना रविवार दोपहर की है, जब श्रीनगर से इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-2124 ने जम्मू के लिए उड़ान भरी थी। 28 मिनट के बाद यह फ्लाइट मौसम खराब होने के कारण जम्मू कश्मीर के कोटे जमैल के रास्ते पाकिस्तान में दाखिल हुई।

**देश के अधिकांश बजारों में टमाटर की कीमत सौ रुपये प्रति किलो के पार**

# एक माह में 1900 प्रतिशत बढ़ा टमाटर का दाम

**PHOTON NEWS DESK :** देश के ज्यादातर बाजारों में टमाटर की कीमत 100 रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। होलसेल मार्केट में टमाटर 65-70 रुपए प्रति किलो में बिक रहे हैं। एक हफ्ते पहले होलसेल मार्केट में टमाटर 30-35 प्रति किलो में बिक रहे थे। रिटेल मार्केट में इसकी कीमत करीब 40-50 रुपए किलो थी। यानी दाम करीब-करीब दोगुने हो गए हैं। एक महीने पहले यानी मई में तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में टमाटर 2-5 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। यानी एक महीने में ही



टमाटर की कीमतों में 1900% की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में 70 से 100 रुपए प्रति किलो में टमाटर बिक रहा है। मध्य प्रदेश के मार्केट में टमाटर 80 से लेकर 100 रुपए जबकि उत्तर प्रदेश में 80 से 100 रुपए, राजस्थान में 90 से 110 रुपए और पंजाब में 60 से 80 रुपए में बिक रहे हैं। टमाटर की नई फसल के साथ 1-2 महीने में दाम में गिरावट आने की उम्मीद है। तमिलनाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के अनुसार टमाटर के पौधे जब तीन महीने के हो जाते हैं तो इनसे हफ्ते में दो बार टमाटर तोड़ सकते हैं। ये पौधे 1-2 महीने की अवधि तक फसल देते हैं। हालांकि ये किस्म, मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है।


पेज 5 भी देखें


**पड़ोसी राज्यों से कम आपूर्ति, ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ा**

दिल्ली की आजादपुर थोक मंडी के टमाटर व्यापारी अशोक गणोर ने बताया कि हफ्तेभर में टमाटर की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। इसका कारण हरियाणा और उत्तर प्रदेश से टमाटर की कम आपूर्ति है। टमाटर की आपूर्ति को पूरा करने के लिए अन्य राज्यों से टमाटर मंगाए जा रहे हैं जिससे ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ी है। महाराष्ट्र के नारायणगांव क्षेत्र के किसान अजय बेल्हेकर ने कहा कि मई में टमाटर की कीमत 2 रुपए प्रति किलो तक आ गई थी। किसानों ने सही कीमत नहीं मिलने की वजह से फसल में कीटनाशकों और उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं किया।

### कर्नाटक में युवक ने दोस्त का गला काटकर पीया खून

**BENGALURU :** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक व्यक्ति ने अपने दोस्त का गला काट दिया और फिर उसका खून पीने लगा। पास खड़ा आरोपी का दोस्त घटना का वीडियो बनाता रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना 19 जून की है। सोमवार को घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को शक था कि उसकी पत्नी का उसके दोस्त के साथ अवैध संबंध है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी विजय ने मारेश को मिलने के लिए बुलाया था। वह अपने दोस्त जॉन के साथ उसे जंगल में ले गया और धारदार हथियार से गला काट दिया।

## फ्रांस भी भारत को लड़ाकू जेट इंजन देने को तैयार

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल होने के बाद अब फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान भारत के साथ 110 किलो न्यूटन थ्रस्ट मिलिट्री इंजन विकसित करने के लिए तैयार हो गई है। हालांकि, फ्रांसीसी कंपनी ने दो साल पहले जेट इंजनों की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इसके लिए एक बिलियन यूरो से अधिक की मांग करने से यह मामला लटका था। भारत के सबसे महत्वाकांक्षी पांचवीं पीढ़ी के विमान के लिए कोई स्वदेशी जेट





इंजन नहीं है। इसलिए भारत ने विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने के साथ ही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' मिशन को बढ़ावा देते हुए एएमसीए के इंजन का निर्माण भी खुद ही करने का फैसला लिया है। 5.5 जनरेशन के विमान को शक्ति देने के लिए 120 किलो न्यूटन के इंजन का विकास किया जाना है।

# भुईयां जाति को अनुसूचित जाति का लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे : ALAMGIR

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि 2019 में झारखंड सरकार के कैबिनेट द्वारा भुईयां जाति की सभी उपाधि प्राप्त जातियों को अनुसूचित जाति का लाभ देने के लिए पारित प्रस्ताव का चार साल बाद भी व्यावहारिक अनुपालन नहीं होना गंभीर चिंता की बात है। आलम सोमवार को मोरहाबादी में अखिल भारतीय भुईयां समाज के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।


सम्मेलन को संबोधित करते ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही इस मामले में भुईयां जाति को अनुसूचित जाति का लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे। मोरहाबादी में अखिल भारतीय भुईयां समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास दिलाया कि भुईयां जाति के सभी लोगों को अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलने के कारणों की तह तक वे जायेंगे और न केवल भुईयां बल्कि झारखंड में जितनी भी अनुसूचित जाति और जनजाति है, उन सभी को उसका संवैधानिक अधिकार दिलवाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरीके से संकल्पित है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में दूरदर्शिता, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण और समाज के सभी वर्गों को उसका अधिकार दिलाने के प्रति नकारात्मक विचार थे लेकिन यूपीए की सरकार आने के बाद झारखंड सरकार सही दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी के उन अफसरों तथा वैसे तत्वों को पहचानकर अविलंब कदम उठाने की जरूरत है जिनके कारण चार साल पहले झारखण्ड कैबिनेट से पारित प्रस्ताव का जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन अबतक नहीं हो सका है।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों में फैली हुई भुईयां जाति की पाइक, खंडित पाइक, खंडित, प्रधान, कोटवार, मांझी, देहरी, क्षत्रिय, छतरिया, गरही, गड़ाही, खंडित भुइया आदि उपाधि प्राप्त अनुसूचित जाति के लोग आज स्वतस्फूर्त रांची में जुटे हैं और उनकी एकमात्र मांग अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति है।

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 2005 में पहली बार पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने झारखंड विधानसभा में भुईया अनुसूचित जाति की खतियान सम्बन्धी विविध विसंगतियों को झारखंड विधानसभा में उठाया था लेकिन आज 18 साल गुजरने के बाद भी यदि समस्या का समाधान नहीं हो पाया है तो हमें अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

इस मौके पर अखिल भारतीय भुईयां समाज के अध्यक्ष मेघनाथ नाइक ने कहा कि भुईयां समाज ने हमेशा देशहित और झारखण्ड के हित में काम किया है परन्तु ब्यूरोक्रेसी की कुछेक त्रुटियों के साथ ही कुछेक अन्य अज्ञात बाधाओं के कारण भुईयां समाज के लाखों लोगों को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं मिलना बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि भुईयां जाति के लाखों लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण उन्हें किसी भी सरकारी कल्याणकारी योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। साथ ही इसके कारण अनेक बच्चों की पढ़ाई और मेडिकल, इंजीनियरिंग में आरक्षण पर आधारित उनका नामांकन नहीं होने के कारण भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

## भाजपा के इशारे पर काम कर रहा राजभवन : रवींद्रनाथ महतो

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने आरोप लगाया है कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। स्पीकर ने ये आरोप सरना कोड और 1932 के खतियान को लेकर लगाया है। उन्होंने सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट भी किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा, लेकिन राजभवन से बिल को लौटाया गया। 1932 का खतियान को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा, वो भी लौटा दिया गया। राजभवन भी भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि यह धर्म कोड पारित हो गया होता तो इससे पता चलता कि देश में आदिवासी भाई-बहनों की संख्या कितनी है लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यह समझ से परे है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और हेमंत सोरेन सरकार के बीच टकराव देखा जा रहा है।

## नरेंद्र मोदी की सरकार ने सबके हित को ध्यान में रखकर नौ वर्षों तक कार्य किया : नीलकंठ सिंह

**PHOTON NEWS KHUNTI :** नरेंद्र मोदी की सरकार के उत्कृष्ट नौ वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकताओं ने कर्रा प्रखंड के बमरजा ग्राम के घर-घर जाकर लोगों से मुलकात की।


जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से मिलते नीलकंठ सिंह मुंडा। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर विधायक ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने नौ वर्षों में बेमिसाल कार्य किया है। समाज का हर तबका चाहे वह महिला हो, गृहिणी, युवा हो, कृषक-मजदूर हो, व्यवसायी हो या विद्यार्थी, को सभी के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने काम किया है।

विधायक ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास इसी मूल मंत्र को लेकर केंद्र की मोदी सरकार ने काम किया है। आज देश की 140 करोड़ जनता गौरवान्वित महसूस करती है, जब विदेशी धरती पर दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों से संबंधित बुकलेट का भी विवरण ग्रामीणों के बीच किया। कार्यक्रम के दौरान कर्रा मंडल के अध्यक्ष बाल किशुन महतो, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र केसरी सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोदी के नेतृत्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा: नड्डा

**AGENCY BHOPAL :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज अमेरिका और भारत के रिश्ते आसमान छू रहे हैं। मिस्र ने अपना सर्वोच्च सम्मान देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। आज हमारी विचारधारा को मजबूत करने, भारत को शक्तिशाली बनाने, देश को विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की अहम भूमिका है। आज मोदी के नेतृत्व में भारत की गरीबी पिछले नौ साल में 22 प्रतिशत से कम होकर 10 प्रतिशत रह गई है। भारत की अति गरीबी एक प्रतिशत से भी कम हो गई है। मॉडर्न स्टेट की रिपोर्ट बताती है कि आज सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था भारत की है। अमेरिका की विकास दर 7.9 पर है। जबकि भारत 8.10 प्रतिशत से आगे बढ़ गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान और सम्मान बढ़ा है। आज दुनिया को भारत से सबसे अधिक उम्मीद है।


कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बोलते जेपी नड्डा।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार शाम अपने भोपाल आगमन पर यहां राजा भोज विमानतल (स्टेट हैंगर) पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कल मेरा बूथ, सबसे मजबूत के तहत करोड़ों कार्यकर्ताओं का डिजिटली मार्गदर्शन करेंगे। देश के 10 लाख बूथ पर टेलीविजन, लैपटॉप, फेसबुक के माध्यम से बूथ कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के संवाद से जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री भोपाल में तीन हजार बूथ के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे, प्रश्न भी पूछेंगे और जवाब भी देंगे। यह कार्यक्रम संगठन का अलग और बड़ा आयोजन है, जिसमें हर कार्यकर्ता संकल्प लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं कि देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेता है। प्रदेश में हमारी सरकार है, शिवराज सिंह जैसे मुख्यमंत्री दिन-रात काम कर रहे हैं। आज यह संकल्प लें कि सरकार की योजनाएं और संगठन के विचारों को घर-घर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर प्रदेश में चलाए गए महाभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार व पार्टी कार्यकताओं ने विकास को जमीन पर उतारने का काम किया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि कुशल नेतृत्व में पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयप्रकाश नड्डा के नेतृत्व में आज संघर्ष का शंख फुंक गया है, युद्ध के नगाड़े बज गए हैं। हम सभी कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से सरकार बनाएंगे और 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश से सभी 29 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा भोपाल पधारे हैं। मध्य प्रदेश संगठन की दृष्टि से मजबूत प्रदेश है। यह सब पार्टी कार्यकताओं के समर्पण भाव से संभव हुआ है। हमारे पार्टी कार्यकताओं ने बूथ डिजिटलाइजेशन करके देश में नंबर वन प्रदेश बना है। हम सभी का सौभाग्य है कि आज नड्डा और कल प्रधानमंत्री मोदी हम सबका मार्गदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, सत्यनारायण जटिया, मध्य प्रदेश शासन के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मंत्रीगण विश्वास सारंग, मोहन यादव, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, सीमा सिंह, प्रदेश मंत्री लता वानखेडे, विधायक कृष्णा गौर, मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया, दर्शन सिंह चौधरी, वैभव पंवार, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, पूर्व विधायक सुरेन्द्रनाथ सिंह, ध्रुवनारायण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा, नरेन्द्र सलूजा सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान नरेंद्र मोदी के कार्यों की दी जानकारी


जनसंपर्क अभियान में शामिल भाजपाई। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** भाजपा भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में रविवार को सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल पूरा होने पर महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत पटेलनगर पंचायत वासियों से घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पंचायतवासियों को दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में अनेको विकास के कार्य हुए। उन्होंने महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने-अपने बूथ पर निवास करने वाले सभी भाजपाईयों से पीएम नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के विकास कार्यों को एक-एक घर जाकर आम जनता तक पहुंचाने का आहवान किया। महाजनसंपर्क अभियान में मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, किसान मोर्चा के महामंत्री जनार्दन सिंह, बूथ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह शामिल थे। मौके पर प्रदीप शर्मा, संजय भारती, विनोद गिरी, सुखदेव प्रजापति उर्फ देवा, रविन्द्र गोस्वामी, मनोज कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## CM ने G-20 इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक में आए विदेशी मेहमानों का किया स्वागत

# देवभूमि जी-20 बैठक से आए विचार वैश्विक मानवता के कल्याण और विकास के मार्ग को प्रशस्त करेंगे: सीएम

**AGENCY DEHRADUN :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जी-20 इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक में आए विदेशी मेहमानों का रात्रि भोज पर स्वागत करते हुए कहा कि देवभूमि बैठक से आए विचार वैश्विक मानवता के कल्याण और विकास के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। यह बैठक, हमारी सनातन संस्कृति की इसी मूल अवधारणा को पुष्पित और पल्लवित करने में सहायक सिद्ध होगी।


दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते सीएम व अन्य।

सोमवार को नरेन्द्रनगर में जी-20 सम्मेलन की तीसरी बैठक के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आयोजित सांस्कृतिक संध्या एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों का सवा करोड़ उत्तराखंडी जनता की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां से यादगार अनुभव अपने साथ लेकर जाएंगे। प्रकृति की गोद में बसे उत्तराखण्ड के सुरम्य स्थलों के दर्शन और उत्तराखण्डी व्यंजनों का भरपूर आनंद लेने का भी अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में आयोजित जी-20 सम्मेलन की विशेष बैठक में जो अनुभव और विचार साझा किए जा रहे हैं, वे समस्त वैश्विक मानवता के कल्याण, विकास और समृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्ल की भावना को और अधिक मजबूत करेंगे। इसके साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का यह बेहतर मौका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बैठक में मंथन से जो अमृत निकलेगा वो पॉलिसी और इंप्लीमेंटेशन के बीच के गैप को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज जिस प्रकार भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उसी प्रकार उनकी अध्यक्षता में जी-20 समूह भी अपने महान उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास का पैमाना उस देश का आधारभूत ढांचा ही तय करता है कि उस देश का वर्तमान और भविष्य कैसा हो। पर्वतीय भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य का आधारभूत ढांचा मैदानी इलाकों की अपेक्षा अधिक कठिन होता है, क्योंकि पहाड़ी राज्य की इकोलॉजी और इकोनामी दोनों ही प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहती है। हमें विकास और प्रकृति के संरक्षण को एक दूसरे का पूरक बनाकर आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान देना होगा। यह तभी संभव है जब हम ह्लउपभोग नहीं बल्कि उपयोगह्ल के सिद्धांत का अनुससरण करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के जी-20 की थीम ह्लएक पृथ्वी,, एक परिवार और एक भविष्यह्ल है, जो मूल रूप से भारतीय संस्कृति की ओर से विश्व को दिए गए सिद्धांत ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्ल पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हमने 150 मिलियन से अधिक लोगों को आश्रय प्रदान करने के लिए लगभग 40 मिलियन घर दिए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या का लगभग 6 गुना है।

सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को प्राकृतिक आपदाओं से वर्षभर सामना करना पड़ता है। इसलिए यहां का आधारभूत ढांचा इस तरह बनना चाहिए जो आपदाओं के समय भी आम आदमी के काम आ सके। जिस प्रकार जापान में भूकंप आना एक आम बात थी, परन्तु जापानी लोगों ने भूकंपरोधी भवन बनाने की ऐसी तकनीक का विकास किया जो आपदा के समय में भी जापान के लोगों को व उनके मकानों को सुरक्षित रखती है।

## BRIEF NEWS

### संवैधानिक मयार्दाओं का उल्लंघन कर रहे विधानसभा अध्यक्ष : दीपक प्रकाश


दीपक प्रकाश की फाईल फोटो।

**RANCHI :** रांची, 26 जून (हि.स.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सोमवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष अपनी संवैधानिक मयार्दाओं का बार बार उल्लंघन कर रहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद दलीय राजनीति से ऊपर निष्पक्षता का पद है लेकिन राज्य में तो सभी नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही। विधानसभा अध्यक्ष झामुमो के प्रवक्ता की तरह पार्टी के मंच से बयान दे रहे। ऐसे में पद की गरिमा तार तार हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ स्पीकर महोदय को जिन विषयों पर निर्णय लेना है उसे तो वे बार बार सरकार के इशारे पर टाल रहे परंतु जहां उनकी टिप्पणी अपेक्षित नहीं है, उस विषय पर बोलने से नहीं चूक रहे। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल पर स्पीकर की टिप्पणी असंवैधानिक और अशोभनीय है। प्रकाश ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को अपने पद से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। फिर दलीय राजनीति में अपनी सक्रियता दिखानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने ट्वीट करके आरोप लगाया है कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। स्पीकर ने ये आरोप सरना कोड और 1932 के खतियान को लेकर लगाया है।

### भोपाल पहुंचे झारखंड के विस्तारक, हुआ भव्य स्वागत

**RAMGARH :** भाजपा के प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत के नेतृत्व में पूर्णकालिक विस्तारक के रूप में भोपाल पहुंचे भाजपा रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी और प्रवीण सोनू सहित झारखंड के सभी सत्तर कार्यकर्ताओं का मध्यप्रदेश में भव्य स्वागत तिलक लगाकर किया गया। भोपाल में मंगलवार को होने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का ₹मेरा बूथ सबसे मजबूत₹ देशव्यापी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद सभी पूर्णकालिक विस्तारकों प्रवास हेतु वहां से छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंडलों में भेजा जाएगा जहां वो आगामी सात दिनों तक रहकर बूथ कमिटी का गठन सहित अन्य बूथ स्तरीय कार्यों का निष्पादन करेंगे। उक्त बातों की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की इस बार के लोकसभा चुनावों सहित अन्य राज्यों में होने वाली विधानसभा चुनाव में बूथ को मजबूत करने जैसी अहम जिम्मेवारी पार्टी द्वारा दिया जाना गर्व की बात है और सभी कार्यकर्ता पार्टी ने निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगी।

### झामुमो ने खूंटी में चलाया सदस्यता अभियान

**KHUNTI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) खूंटी जिला समिति के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय के तमाड़ मोड़ में मेगा सदस्यता अभियान चलाकर कई लोगों को सदस्यता दिलाई। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में चलाए गए सदस्यता अभियान में पार्टी के केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, सुदीप गुड़िया, डॉ हेमंत तोपनो, ऊषा धान, सुशील पहान, मगन मंजित तिड़ू, गुलशन सिंह मुंडा, भोलानाथ लाल, मोजिर अंसारी, अर्जुन मुंडा, प्रदीप केशरी, स्नेहलता कंडुलना, असगरी खातून, डेविड हमसोय, महेंद्र सिंह मुंडा, आलोक रितेश डुंगडुंग, संदीप तिड़ू, महादेव मुंडा, सलन ओड़ेया, रूबेन तोपनो, जयंत संगा, विनोद संगा, सुभाष कोंगाड़ी, विजय संगा, राजन मुंडा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और महिला सुरक्षा चिन्ता का विषय : गुंजन सिंह

**LOHARDAGA :** लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारिणी की बैठक महिला अध्यक्ष सीमा प्रवीन की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत विशेष रूप से उपस्थित थे। महिलाओं को को संबोधित करते हुए गुंजन सिंह ने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, और महिला सुरक्षा चिन्ता का विषय है। आप महिला बहने आगे आकर इसका पुरजोर विरोध करें। केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है। साथ ही आज हम महिलाओं को अपना घर परिवार चलाने में काफी दिक्कत हो रही है। केंद्र सरकार की उज्जवला योजना महिलाओं के साथ धोखा है। सभी महिला ठगा महसूस कर रही है। गैस सिलेंडर दिखावे की वस्तु हो गई है। देश में बढ़ती बेरोजगारी से युवाओं का सपना टूट रहा है। आज देश के महिलाओं और युवाओं को एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है। इसके लिए तैयारी में लग जाना है। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि महिलाओं को अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। महिला संगठन को प्रखंड और पंचायत स्तर तक मजबूत करना होगा। हर घर से महिलाओं को जोड़ना है। आधी आबादी सशक्त बनाने की आवश्यकता है। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना है, ताकि ग्रामीणों को उचित लाभ मिल सके।

### आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने की बैठक, दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

**RANCHI :** पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )और पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )जिले के सभी पार्टी पदाधिकारियों के साथ पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक हुई। बैठक सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। बैठक में शामिल सभी केंद्रीय, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान महतो ने सभी पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला महीना हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इस महीने में हम राज्य के हर विधानसभा में जन पंचायत का आयोजन करेंगे। जन पंचायत के जरिए हम जनता के बीच जाएंगे और राज्य से जुड़े ज्वलंत विषयों पर जनसंवाद करेंगे साथ ही मौजूदा सरकार की विफलताओं को जनता के सामने लाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई से पहले प्रखंड स्तर पर किसान विरोधी एवं व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला-बोल कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य में संसाधनों की लूट, महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और किसानों के विषय पर आवाज बुलंद किया जाएगा। साथ ही उन्होने कहा कि वर्ष 2023 आजसू पार्टी के लिए संघर्ष का वर्ष है। ऐसे में पार्टी का हरेक कार्यकर्ता जन-जन के मुद्दों को लेकर मुखर दिखे। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करें।

### झारखंड में 29464 बूथों पर प्रधानमंत्री के डिजिटल संबोधन को सुनेंगे कार्यकर्ता

**RANCHI :** महाजनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम आयोजित किया। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने सोमवार को बताया कि भाजपा ने देशभर के कार्यकताओं के लिए डिजिटल रैली का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मदी भोपाल से इस रैली को प्रातः 10.30 बजे संबोधित करेंगे। डॉ. वर्मा ने बताया कि झारखंड के सभी 29464 बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ता डिजिटल लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुनेंगे। प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह एक अनूठा कार्यक्रम है जो डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार कर रहा। उन्होंने कहा कि झारखंड के 80 चयनित कार्यकर्ता भोपाल में प्रधानमंत्री को प्रत्यक्ष सुनेंगे।

# विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक रखी जारी

## भाजपा नेत्री के साथ रेप के प्रयास मामले में झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** भाजपा नेत्री से रेप के प्रयास मामले में डिस्चार्ज पिटिशन के खारिज होने को चुनौती देने वाली भाजपा भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में चल रही निचली अदालत की कार्यवाही (ट्रायल) पर अगली सुनवाई तक रोक जारी रखी है। अगली सुनवाई सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। मामले में सूचक (पीड़िता) की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला ने पैरवी की। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अजय कुमार शाह ने पैरवी की। इस मामले में ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत में अदालत में चार्ज फ्रेम पर सुनवाई होनी है। मामले की सूचक भाजपा नेत्री है। पूर्व में कोर्ट ने मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से एलसीआर की मांग की थी। धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में संज्ञान लिया था। धनबाद की निचली अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से 28 मार्च 2022 को मामले में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई के पश्चात निचली अदालत ने 20 मई 2022 को ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। जिसे ढुल्लू महतो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि भाजपा नेत्री ने विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ रेप के प्रयास मामले में कतरास थाना में कांड संख्या 178/ 2019 दर्ज कराई थी।

### अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने ईडी कोर्ट से मांगी बेल

**RANCHI :** बरियातू स्थित सेना की जमीन से जुड़े घोटाला मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने ईडी कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। दोनों आरोपितों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है। इसपर सुनवाई के लिए एक जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत सात जून को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। रांची के बड़गाई अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## जमीन विवाद से जुड़े मामले में बोकारो डीसी और चास के एसडीओ हाईकोर्ट में सशरीर हुए उपस्थित

**RANCHI :** बोकारो के चास के जमीनी विवाद से संबंधित एक मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में बोकारो के डीसी एवं चास के एसडीओ कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से जमीन का रिकॉर्ड को कोर्ट के समक्ष लाया गया। कोर्ट को सरकार की ओर से बताया गया कि जिस जमीन पर प्रार्थी अपना दावा कर रहे हैं वह किसी और की जमीन है। उस जमीन का पोजीशन भी उसके हाथों में है। जिसके बाद कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए बोकारो डीसी और चास एसडीओ को अगली सुनवाई 12 जुलाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की।

दरअसल, यह मामला वर्ष 2012 का है और मौजा तेतुलिया, चास की 8 डिसमिल एक जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। प्रार्थी मोहम्मद शाहिद राजा की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया कि उसकी 8 डिसमिल जमीन से उसको हटाकर वह जमीन किसी दूसरे को दे दी गई है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में

## उषा मार्टिन के जीएम के खिलाफ मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**RANCHI :** मनी लांड्रिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट से प्रमोद कुमार को तत्काल राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। दरअसल, उषा मार्टिन को आयरन अयस्क का एक्सपोर्ट करने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद भी उषा मार्टिन की ओर से आयरन अयस्क को एक्सपोर्ट किया गया, जिसके बाद ईडी ने मामले में केस दर्ज किया। मामले को लेकर ईडी ने उषा मार्टिन के खिलाफ ईसीआईआर 2/ 2021 दर्ज किया था। इसी मामले में प्रमोद फतेपुरिया भी आरोपी हैं। उनकी ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।

## हाईकोर्ट में हाजिर हुए अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव के श्रीनिवासन अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि कास्ट स्क्रूटनी कमिटी (जाति छानबीन समिति) ने आवेदक का आवेदन खारिज कर दिया है। जिसके बाद अदालत ने प्रार्थी को यह आदेश दिया है कि वह हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कास्ट स्क्रूटनी कमिटी के आदेश को चुनौती दे। इसके साथ ही अदालत ने विभागीय सचिव को अगली सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी है। यह मामला एक युवक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी किए जाने से जुड़ा हुआ है। सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल विनोद बड़ाइक ने याचिका दाखिल कर चीक बड़ाइक का कास्ट सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश देने की गुहार लगाई है।

## उद्योग सचिव को हाईकार्ट से मिली राहत

**RANCHI :** मोंगिया हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने उद्योग सचिव को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था। जिसके बाद अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार की ओर से उद्योग सचिव को कोर्ट में उपस्थिति से छूट देने के लिए आवेदन दाखिल किया। सरकार के अपर महाधिवक्ता के आग्रह को अदालत ने स्वीकार करते हुए उद्योग सचिव को सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान कर दी। इस मामले में अब सुनवाई एक सप्ताह के बाद होगी।

BRIEF NEWS

### डोरंडा दर्जी मोहल्ला में आज 4 घंटे नही रहेगी बिजली

**RANCHI :** डोरंडा के दर्जी मोहल्ला के पास पंप हाउस में लीकेज होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में पानी सप्लाई दो दिनों से बाधित है। लीकेज की मरम्मत 11केवी अंडरग्राउंड तार पंप हाउस से होकर गुजरने के कारण नही बन पा रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा पंप हाउस की मरम्मत के लिए सुबह 11 से 3 बजे तक बिजली काटने की अनुमति ली गई है। जिसके कारण मंगलवार को डोरंडा दर्जी मोहल्ला में 4 घंटे बिजली कट रहेगी। इस दौरान पंप हाउस का लीकेज बनाया जाएगा। बिजली विभाग द्वारा 4 घंटे बिजली कट की अनुमति दे दी गई है। राजधानी में मंगलवार को डोरंडा तुलसी चौक में बिजली नही होने के कारण उपभोक्ता 3 घंटे तक परेशान रहे। वहीं कोकर में बिजली की आंख मिचौली देर शाम तक चलती रही। उपभोक्ताओं ने कहा कि एक घंटे में 10 बार से अधिक बार बिजली आती-जाती रही।

### सुमन उत्तरी छोटानागपुर और लालचंद डाडेल संथाल परगना के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त बने

**RANCHI :** राज्य सरकार ने दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। विशेष सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची के पद पर पदस्थापित सुमन कैथरिन किस्पोट्टा को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के पथ पर अपने ही वेतनमान में ही नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया। विशेष सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग लालचंद डाडेल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बैजनाथ पांडे बैटरी के कारोबार से जुड़े बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं सब इंस्पेक्टर मकदली हेरेंज का निधन

**RANCHI :** पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं झारखंड पुलिस स्पेशल ब्रांच में सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत मकदली हेरेंज का सोमवार को राज अस्पताल रांची में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थी। बताया जा रहा है कि उनका अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव टुंडी मुरहू खूंटी में किया जाएगा।

### हॉकी खिलाड़ियों को किट देकर किया गया रवाना

**RANCHI :** 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 27 जून से 7 जुलाई तक राउरकेला में होगा। इसके लिए हॉकी झारखंड महिला टीम से चयनित 18 हॉकी खिलाड़ियों को सोमवार को हॉकी झारखंड द्वारा हॉकी इंडिया से प्राप्त हॉकी स्टिक, हॉकी बॉल और दोनों गोलकीपर को गोलकीपर कीट तथा झारखंड खेल विभाग द्वारा प्राप्त ट्रैक शूट, दो सेट जर्सी देकर राउरकेला रवाना किया गया। खिलाड़ियों को खेल कीट वितरण कार्यक्रम में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीश कुमार, हॉकी झारखंड जूनियर टीम के कोच मैनेजर प्रतिमा बरवा और हिमांशू सहित सभी 18 खिलाड़ी शामिल थे।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

#### जगन्नाथपुर मेले में वसूली से दुकानदार परेशान, बोले-

## ऐसा रहा हाल तो अगले साल नहीं लगायेंगे दुकान

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के धुर्वा क्षेत्र में लगने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथ मेला में हर साल करोंड़ों का कारोबार होता है। झारखंड समेत आसपास के कई राज्य से कारोबारी यहां आते हैं और मेला में अपनी दुकान लगाते हैं। इन दुकानदारों की वजह से ही मेला की शोभा बढ़ती है। मगर इस साल मेला में दुकान लगाने वाले कारोबारी मायूस हैं और अगले साल से दुकान नहीं लगाने की बात कह रहा है। इसका कारण है दुकानदारों से दुकान लगाने के एवज में वसूली जा रही मोटी रकम। मेला क्षेत्र में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है पहले चंदा के रूप में कुछ रकम ली जाती थी, मगर इस साल मोटी रकम वसूली जा रही है। पूरा दिन रात मेहनत करने के बाद भी बचत न के बराबर हो रही है। यही स्थिति रही तो अगले साल से दुकान नहीं लगाएंगे। बता दें कि पहले जगन्नाथपुर मेला का टेंडर नहीं होता था। चंदे के रूप में दुकानदारों से कुछ रकम वसूली जाती थी, मगर इस साल मेला परिसर का टेंडर कर दिया गया है। आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख में टेंडर लिया है।

**जगन्नाथपुर मेला में दुकान के लिए लगने वाली दरें**

- मौसीबाड़ी क्षेत्र में 1500 से 2000 रुपये रनिंग फिट
- मध्य विद्यालय के पीछे फील्ड में 1000 रुपये रनिंग फीट
- झूला में परसेंटेज लिया जा रहा
- ठेला वालों से 3000 से 20000 रुपये
- फेरी वालों से 50 से 300 रुपये प्रतिदिन

# शहर में चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

## छह थाना क्षेत्रों में घटना को देते थे अंजाम, सोना-चांदी समेत कई सामान बरामद

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची के छह थाना क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। रांची पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य बच्चू पासी, बबलू गोस्वामी, बधी सिंह, कुमेश महतो और बढ़न साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह रामगढ़ का है। इस गिरोह के सदस्य राजधानी में किराएदार के रूप में रहकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सोना, 43 चांदी का सिक्का, आटो, ताला तोड़ने औजार और अन्य सामान बरामद किया है। इसकी जानकारी रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर दी। एसपी ने बताया गिरफ्तार हुए बढ़न साव को छोड़कर बाकी चारों चोरों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह आटो और रिक्शा से शहर के अलग अलग इलाकों में घूमते थे और रेकी करत थे। रेकी करने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। इस गिरोह का सरगना बच्चू पासी है। कमेश आटो चलाने का काम करता है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बीआइटी इलाके में चोरी का जेवरात और बर्तन बेचा गया है। सिटी एसपी ने टीम का गठन किया और बीआइटी इलाके में जांच शुरू हुई। कई इलाकों में चोरी की घटना होने के बाद पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज था जिसमें आरोपियों का चेहरा कैद था। बीआइटी इलाके में जांच के दौरान पता चला इस इसी गिरोह के लोगों ने सोना और चांदी बेचा है। सभी आरोपी बीआइटी इलाके में रहते थे। पुलिस ने छापेमारी कर सभी को गिरफ्तार कर लिया।



प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते रांची के सिटी एसपी सुभांशु जैन • फोटोन न्यूज

## अरगोड़ा में दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**CRIME REPORTER RANCHI :** फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना अरगोड़ा थाना क्षेत्र की है। जहां अशोक नगर रोड नंबर 5 के सामने स्थित ट्विन टावर के बगल के अपार्टमेंट की है। सोमवार को दिन के 11 से 12 बजे के करीब अज्ञात चोरों ने बैटरी के कारोबार से जुड़े बैजनाथ पांडे के फ्लैट के गेट की कुंडी काटी और दस लाख के जेवरात और 20 हजार नगद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद अरगोड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और आगे की जांच में जुटी हुई है।



**अपनी पत्नी के साथ बेटी का स्कूल गए थे बैजनाथ पांडे :** बैजनाथ पांडे से बात करने पर उन्होंने बताया कि दिन के 11 बजे वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के स्कूल गए थे। बैजनाथ पांडे की बेटी गुरूनानक स्कूल में पढ़ती है। वे स्कूल से जैसे ही वह 12:00 बजे वापस लौटे तो देखा कि गेट की कुंडी कटी हुई है। घर के अंदर जाकर देखने पर सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ था। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

# कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए आवेदन शुरू

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल यानी जैक की ओर से इस साल मैट्रिक और इंटर परीक्षा में असफल विद्यार्थियों के लिए कंपार्टमेंट एग्जाम फॉर्म भरने का डेट जारी कर दिया है। मैट्रिक में असफल हुए स्टूडेंट्स 26 यून यानी आज से कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए फॉर्म भर सकते हैं। वहीं, इंटर में पास नहीं कर पाने वाले विद्यार्थी 27 जून से फॉर्म भर सकेंगे।

**कब तक भर सकते हैं फॉर्म**

बिना किसी विलंब शुल्क के साथ मैट्रिक और इंटर दोनों के कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए 5 जुलाई तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। वहीं, विलंब शुल्क के साथ मैट्रिक और इंटर दोनों के कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए 6 जुलाई से 8 जुलाई तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। शुल्क जमा करने के लिए 7 जुलाई और विलंब शुल्क के साथ 10 जुलाई तक भरा जायेगा।

**अगस्त में हो सकती है परीक्षा**

कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन जैक की ऑफिशियल वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा होगा। परीक्षा अगस्त में हो सकती है। परीक्षा की तिथि अगले महीने यानी जुलाई घोषित की जायेगी। जैक की ओर से संबंधित कॉलेजों और स्कूलों के प्राचार्य और प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। निर्देश दिया गया है कि पहले जारी यूजर आईडी और पासवर्ड के आधार पर ही परीक्षा फॉर्म भरा जा सकेगा।

### जमीन पर कब्जा करने के मामले में एक धराया

**RANCHI :** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने सोमवार को पूर्व जस्टिस स्वर्गीय युसूफ इकबाल की जमीन पर कब्जा करने के मामले में जैनुल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। इस मामले में एक भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा। रविवार को चर्च रोड़ स्थित पूर्व जस्टिस के जमीन पर आरोपितों के द्वारा ब्राउंडी तोड़ दिया गया था। बाउंड्री तोड़कर आरोपियों के द्वारा गेट लगाने का काम किया जा रहा था लेकिन इसी बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

# POCSO एक्ट पर DGP ने दी जानकारी

## खेलगांव में सीआईडी के चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे डीजीपी

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी में पुलिस के सामने लगातार पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले आ रहे हैं। पुलिस इन मामलों में कार्रवाई कर रही है लेकिन कई मामलों में साक्ष्य नहीं होने से आरोपियों को लाभ मिल रहा है। पॉक्सो एक्ट के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके इसके लिए पुलिस तैयारी कर रही है। इसे देखते हुए खेलगांव में सीआईडी का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में सोमवार को डीजीपी अजय कुमार पहुंचे और पुलिसकर्मियों को पोस्को एक्ट के बारे में जानकारी दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 जून तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों के साथ साथ एनजीओ,डाक्टर और अन्य लोगों को भी शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान फारेंसिक, मेडिकल, पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड पोनोंग्राफी, एसओपी, डीएनए और फिंगरप्रिंट के बारे में बताया जा रहा है।



#### 31 मई 2023 तक के आंकड़े, 43568 केस का चल रहा अनुसंधान

# वारंट के 31948 और कुर्की के 1977 मामले पेंडिंग

**SUHAIB ANSARI, RANCHI :** राज्य के सभी 24 जिलों में पुलिस के पास वारंट और कुर्की जब्ती के 33,925 मामले पेंडिंग हैं। जिनमें वारंट के 31948 और कुर्की के 1977 मामले शामिल हैं। इसके अलावा 43568 केस अनुसंधान के लिए रह गये हैं। इसकी पुष्टि पुलिस मुख्यालय द्वारा विभिन्न जिलों से 31 मई 2023 तक लंबित वारंट और कुर्की को लेकर प्राप्त ताजा आंकड़े से होती है।




**किस जिले में वारंट और कुर्की के कितने मामले हैं पेंडिंग**

| जिला | वारंट | कुर्की | जिला | वारंट | कुर्की |
|---|---|---|---|---|---|
| पाकुड | 348 | 04 | रामगढ़ | 644 | 152 |
| साहेबगंज | 963 | 110 | हजारीबाग | 2233 | 142 |
| देवघर | 2156 | 11 | गढ़वा | 177 | 02 |
| जामताड़ा | 27 | 00 | लातेहार | 688 | 26 |
| गोड्डा | 109 | 01 | पलामू | 577 | 61 |
| दुमका | 160 | 02 | जमशेदपुर | 5614 | 34 |
| बोकारो | 268 | 54 | सराइकेला | 4561 | 77 |
| धनबाद | 3299 | 261 | चाईबासा | 347 | 06 |
| गिरिडीह | 416 | 55 | लोहरदगा | 320 | 19 |
| चतरा | 1865 | 121 | सिमडेगा | 33 | 08 |
| रांची | 6277 | 771 | गुमला | 627 | 00 |
| कोडरमा | 55 | 20 | खूंटी | 184 | 46 |

### रांची के युवा व्यवसायी अरुण को मिला नेशनल एक्सीलेंस AWARD

**RANCHI :** अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए रांची के युवा व्यवसायी अरुण कुमार सिन्हा को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वनि व अन्य अतिथियों ने मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौका था आत्मनिर्भर भारत अभियान संगठन की ओर से 25 जून की शाम को कांस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया नई दिल्ली में नौ साल बेमिसाल, मोदी सरकार के कार्यक्रम का। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वनि उपस्थित रहे।

## रिम्स की जर्जर हास्टल को लेकर छात्रों ने प्रबंधन से की शिकायत

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स हास्टल के छात्रों ने हास्टल की बदहाल व्यवस्था को लेकर प्रबंधन से शिकायत की है। हास्टल के छात्रों ने छज्जा गिरने व पानी सीपेज की समस्या को लेकर पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कभी भी इस पर ठोस पहल नहीं की जा सकी है। अभी हाल में इसी तरह रांची विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में जर्जर भवन का छज्जा गिरने की वजह से मंतोष बेदिया नाम के एक छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत के बाद प्रबंधन के खिलाफ कई छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन की तरफ से छात्र को मुआवजा मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया। इधर, रिम्स हास्टल में हमेशा ही बाथरूम का छज्जा गिरता रहता है, बाहर के भी छज्जे की हालत जर्जर हो चुकी है, कई बार इसके रिपेयरिंग की बात हो चुकी है लेकिन हर बार खानापूर्ति ही की गई। छात्रों ने बताया कि कई बार बड़ी दुर्घटना होने से बची है। रिम्स के हास्टल नंबर 4 में रह रहे मेडिकल छात्र और जूनियर डाक्टरों ने बताया कि कुछ दिन पहले रांची विश्वविद्यालय वाली घटना रिम्स में भी होने की संभावना थी, लेकिन बड़ा हादसा टल गया।

# TPC के SUBZONAL कमांडर DEEPAK रजवार ने किया सरेंडर

**PHOTON NEWS PALAMU :** उग्रवादी संगठन टीपीसी के सबजोनल कमांडर दीपक रजवार उर्फ रंजीत जी ने सोमवार को पलामू एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करने पर पलामू के सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग एवं विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने फूलमाला पहनाकर सबजोनल कमांडर का स्वागत किया।

सबजोनल कमांडर दीपक पर झारखंड सरकार ने किसी तरह का कोई इनाम घोषित नहीं किया है। दीपक पर छतरपुर, विश्रामपुर, गढ़वा के बरडीहा, हरिहरगंज, हुसैनाबाद एवं मेदिनीनगर टाउन थाना में मामला दर्ज है। वह वर्ष 2017 से फरार चल रहा था। सरेंडर के बाद उसे आर्म्स एक्ट एवं अन्य मामलों में जेल भेजा जायेगा। इसके साथ ही स्पेशल ब्रांच से रिपोर्ट बनाकर झारखंड सरकार को भेजी जायेगी। रिपोर्ट के अनुसार सरकार के निदेर्शानुसार दीपक रजवार को सरकारी लाभ दिया जायेगा। बाद में उसे ओपन जेल में रखने का निर्णय लिया जायेगा।


सबजोनल कमांडर माला पहनाते एसडीपीओ सुरजीत कुमार। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर पलामू के सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कहा कि उग्रवादियों के खिलाफ जहां पुलिस गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई कर रही है, वहीं झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का भी लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी से प्रभावित होकर दीपक रजवार और उसके परिजन पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के संपर्क में था। दीपक मुख्य धारा से जुड़कर रहना चाहता था। इसी कारण उसने सरेंडर किया।

**माओवादियों ने दी थी जान की धमकी, इसलिए शामिल हुआ टीपीसी में**

सरेंडर करने के बाद जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौवाचट्टान के रहने वाले टीपीसी सबजोनल कमांडर दीपक रजवार उर्फ रंजीत जी (50) ने कहा कि 90 के दशक में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का दस्ता उसके गांव में आता था और संगठन में शामिल होने के लिए दबाव बनाता था।

माओवादी में शामिल होने से इनकार करने पर इस संगठन के नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी थी। इसी बीच माओवादियों से लड़ने वाला टीपीसी उग्रवादी संगठन सामने आया। वर्ष 2012-13 में टीपीसी में शामिल हुआ। इससे पहले वर्ष 1999 में कोशियारा रेलवे स्टेशन पर पकड़े गए और नक्सल गतिविधियों में शामिल रहने के कारण 10 वर्ष तक जेल में रहे। 2009 में जेल से निकले। 2012-13 से 2018 तक टीपीसी में रहे और कई कांडों को अंजाम दिया, लेकिन अब मुख्यधारा में लौट कर सामान्य जीवन जीना चाहते हैं।

# TSPC एरिया कमांडर सहित तीन गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खूंटीसोत नदी के पास लेवी के लिए पुल निर्माण में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी के टैक्टर और बाइक में आगजनी करने वाले प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक आठ एमएम का खोखा, मुखिया औरं इंट भट्ठा मालिकों एवं अन्य व्यक्तियों का नंबर लिखि हुई डायरी, तीन स्मार्ट फोन, लेवी मांगने में इस्तेमाल एक छोटा कीपैड मोबाइल फोन और टीएसपीसी संगठन का दो पर्चा बरामद किया गया है।


गिरफ्तार उग्रवादी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

गत 16 जून की देर रात खूंटीसोत नदी के पास एमएस छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के पुल निर्माण साइट पर 6-7 की संख्या में अज्ञात लोगों ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के नाम पर उत्पात मचाया था। कंपनी के मुंशी मदन प्रजापति सहित अन्य मजदूर एवं कर्मियों को टीएसपीसी का दो पर्चा देते हुए एक कमरे में बंद कर कंपनी के रेस्ट रूम के पास रखे एक टैक्टर और मोटरसाइकिल में आग लगा दी थी। जाने के क्रम में फायरिंग की गयी थी।

सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने एसपी कार्यालय में सोमवार को बताया कि घटना के बाद विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अज्ञात टीएसपीसी उग्रवादियों के विरूद्ध छापामारी एवं सूचना संकलन की गयी। तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर पाटन थाना क्षेत्र के सतन टोला निवासी टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य मिथिलेश यादव को इसी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर पाटन-छतरपुर के सीमावर्ती थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी के एरिया कमांडर शंभू सिंह उर्फ वीरेन्द्र जी को एक अन्य सक्रिय सदस्य सतेन्द्र सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया एवं इनके पास से लेवी मांगने में उपयोग मोबाइल फोन जब्त किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार उग्रवादियों ने बताया कि उपरोक्त घटना में एरिया कमांडर बुटन मांझी उर्फ गौतम जी, मिथिलेश यादव, विकास, सतेन्द्र एवं अन्य तीन लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। बताया कि रेहला थाना कांड संख्या 49/2023 में लेवी के लिए इनके मोबाइल नंबर एवं बुटन मांझी के नंबर से धमकी दी गयी है। सभी वर्तमान में टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर निशांत एवं रंजन के नेतृत्व में लेवी वसूलने एवं आगजनी की घटना को अंजाम देते हैं।

इसके पूर्व नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा में इंट भट्ठे में लगे टैक्टर को निशांत जी के नेतृत्व में जला दिया गया था। भविष्य में भी लेवी नहीं मिलने पर अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। एरिया कमांडर शंभू छतरपुर के पलवा टोला मोरचवा का रहने वाला है, जबकि सतेन्द्र चिल्हो कला छतरपुर का निवासी है।

# शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया सामूहिक विरोध

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने सामूहिक रूप से काला बिल्ला लगाकर सरकार की नीतियों का पूरजोर विरोध किया। झारखंड में नई शिक्षा नीति के आलोक में 62 अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई रोक दी गई है। अभी झारखंड में मौजूदा आलम यह है कि लाखों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी परिवेश के बच्चे इधर-उधर नामांकन की तलाश में भटक रहे हैं। उनका सुध-बुध लेने वाला पूरे झारखंड में न कोई अधिकारी है न मंत्री। अगर मौजूदा सत्र में नामांकन शुरू नहीं किया जाता है तो पूरे राज्य भर के लाखों विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित रह जाएंगे एवं 5000 की संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी अपने 20,000 परिवार सदस्य सहित बेरोजगार हो जाएंगे।

संघ के कमलेश पांडेय ने कहा कि झारखंड के $2 विद्यालयों में लगभग 11 विषयों के शिक्षक नहीं है और निजी इंटरमीडिएट कॉलेज का शुल्क काफी अधिक होता है, जिस कारण पलामू-गढवा के हजारों विद्यार्थी शिक्षा से पलायन पर मजबूर होंगे। अतः इस बाबत अपनी रोजी-रोटी के संरक्षण हेतु पूरे राज्य भर के शिक्षक एवं कर्मचारी सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए 11वीं में नामांकन शुरू करने एवं अपने समायोजन की मांग कर रहे हैं। साथ ही छात्र भी अपने नामांकन के लिए राजभर के विश्वविद्यालयों में हजारों की संख्या में उग्र आंदोलन कर रहे हैं। सरकार एवं अधिकारियों की तरफ से सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

विरोध प्रदर्शन में विजय प्रताप सिंह, संजीव दफ्फतुवार, कमलेश कुमार पांडेय, सुकृति कुमारी, आरती कुमारी, विवेकानंद सिंह, सोनी कुमारी समेत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

# उच्च विद्यालय के उत्क्रमण को बुद्धिजीवी मंच पदाधिकारियों ने उपायुक्त से की वार्ता

**PHOTON NEWS RAMGARH :** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना के पदाधिकारियों ने बरकाकाना क्षेत्र के श्री नारायन उच्च विद्यालय और सी सी एल उच्च विद्यालय को प्लस टू में उत्क्रमित कराने के लिए रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा से वार्ता कर पुनः मांग पत्र सौंपा।

बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों ने वस्तु स्तिथि से अवगत कराते हुए उपायुक्त को बताया कि बरकाकाना क्षेत्र के पांच उच्च विद्यालयों से 600 से अधिक बच्चे जैक बोर्ड से मैट्रिक पास हुए हैं जिनके लिए 11वीं में नामांकन की सुविधा नहीं मिल पा रही है ऐसे में अधिकतर बच्चों की आगे की पढ़ाई में विराम लग सकता है। उपायुक्त महोदया ने आश्वासन दिया कि इस मामले को मैं गंभीरता से लेती हूं आपके मांग पत्र के आधार पर शिक्षा विभाग को फाइल आगे बढ़ा दूंगी। मांगपत्र में दूसरी मांग यह है कि जिले में प्राथमिक शिक्षा की बदतर स्तिथि को प्रशासनिक स्तर से सुधारने का कार्य किया जाय।


मांग पत्र के साथ बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना के पदाधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

वार्ता के बाद मंच सचिव प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि बरकाकाना क्षेत्र में ये ऐसे उच्च विद्यालय हैं जो प्लस टू में अपग्रेड होने की सभी अहर्ता रखते हैं। विशेष कर क्षेत्र की आवश्यकता की दृष्टि से अब तक इन उच्च विद्यालयों को अपग्रेड कर देना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। क्षेत्र में 30 से अधिक गांव और आवासीय कालोनियां हैं। बरकाकाना, सी आई सी बस्ती, तालियातु, पीरी, मसमोहना, सियुर, कंडेर, कचूदाग, सिधवार कलां, सिधवार खुर्द, बुजुर्ग जमीरा, पोचरा, ऊपरपोचरा, लोको कालोनी, छोटकाकाना, कटेलिया बेड़ा, कैराबिहार, लाइनपार, पाहन बेड़ा, उरलूंग, घुटुवा, नवा घुटूवा, दुर्गी, सी सी एल कालोनी, अमवाटांड़, केल्हुवापतरा, हेहल, चैनगड़ा, कोड़ी, बारीडीह, अरमदाग आदि। अतः उपायुक्त महोदय से निवेदन की गई है कि क्षेत्र के उच्च विद्यालयों को अपग्रेड करते हुए इसी सत्र में नामांकन लेने का काम किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष श्री प्रदीप करमाली, सचिव प्रोफेसर शाहनवाज खान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता उमेश महतो, सह सचिव सोनी देवी, सह सचिव मदन दांगी, संगठन सचिव रियासत हुसैन आदि शामिल थे।

# आभा भवन रामगढ़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ की बैठक संपन्न

**PHOTON NEWS RAMGARH :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ जिला का बैठक आभा भवन रामगढ़ में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता शुभम गिरी एवं संचालन राजेश दास ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत एसएफडी संयोजक गौतम महतो, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर, जिला संयोजक शुभम गिरी, जिला सह संयोजक राजेश दास उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय छात्र दिवस, नगर इकाई पुनर्गठन, पौधारोपन, सदस्यता आदि विषयों पर चर्चा हुई। गौतम महतो ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता मूल मंत्र पर कार्य करती है। प्रवेश परीक्षा परिणाम पाठ्यक्रम ठीक करने का कार्य करती है। यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो छात्रों की समस्याओं के निवारण के लिए एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति है। विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का है।



बैठक करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है।

जिला संयोजक शुभम गिरी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आगामी 9 जुलाई को स्थापना दिवस है जिसको राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया जायेगा एवं सभी नगर इकाई का पुनर्गठन किया जाएगा। पौधारोपण का एक अभियान भी आगामी दिनों में चलाया जाएगा एवं आगामी अगस्त माह में सदस्यता अभियान भी शुरू होगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला सह संयोजक राजेश दास ने किया।

मौके पर पूर्व जिला संयोजक उमेश महतो, जिला एसएफडी संयोजक सुदीप महतो, विक्की कुमार, विशाल कुमार, कॉलेज मंत्री खुशी कुमारी, रविशंकर कुमार, राहुल महतो, विश्वजीत कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई नारकोटिक को आर्डिनेशन समिति की बैठक

# नशे की लत व लोगों के जीवन को अंधकारमय होने से बचाने के मद्देनजर मादक पदार्थों की सप्लाई व उनके सेवन पर रोक जरूरी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ श्री पीयूष पांडे ने सबसे पूर्व जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की जानकारी ली।


बैठक करती उपयुक्त माधवी मिश्रा व उपस्थित अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि नशे की लत व लोगों के जीवन को अंधकारमय होने से बचाने के मद्देनजर मादक पदार्थों की सप्लाई व उनके सेवन पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। नारकोटिक कोऑर्डिनेशन समिति के माध्यम से नशे व मादक पदार्थों की सप्लाई में किसी भी रूप में संलिप्त व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जानी है एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना अनिवार्य है।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को विद्यालय परिसर के आसपास की दुकानों में औचक जांच अभियान चलाने व किसी भी प्रकार की नशीली व अवैध पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने व बच्चों के अभिभावकों के साथ होने वाली बैठकों के दौरान बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन से बचाने सहित अन्य संबंधित मामलों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वैसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जा सकता है पर पैनी नजर रखने एवं इस दिशा में कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने समिति के अन्य सदस्यों को नशे के दुष्प्रभाव एवं इस तरह के कार्यों से जुड़ने पर होने वाली कठोर कार्रवाई के प्रति विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस तरह की किसी भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित इसकी जानकारी देते हुए कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने पुलिस प्रशासन व संबंधित अधिकारियों को अन्य जिलों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नशीली पदार्थों के आवागमन, इन कार्यों में संलिप्त लोगों सहित अन्य मामलों पर कानूनी कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपरोक्त के अलावा बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### यातायात पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाकर वसुला 25 हजार रुपये जुर्माना

**RAMGARH :** यातायात पुलिस ने भुरकुंडा ओपी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस हेलमेट सहित वाहनों के कागजातों की जांच की। अभियान मे पुलिस नगद ऑफ लाइन 11 दोपहिया वाहनों से ग्यारह हजार और ऑन लाइन 13 वाहनों से 13,750 रुपए जुमार्ना वाहन चालकों से वसुला। अभियान मे एसआई प्रभात कुमार दास, मोकिम अंसारी, सिद्धेश्वर मुर्मू, रोमन मुर्मू मे शामिल थे।

### रामगढ़ कॉलेज में शिक्षक संघ इकाई का पुनर्गठन

**RAMGARH :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के शिक्षकों की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिक्षक संघ इकाई का पुनर्गठन किया गया। महाविद्यालय सेमिनार हॉल में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सी. टी. एन. सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रो. रोज उरांव, उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ. रामाज्ञा सिंह, सचिव पद के लिए डॉ प्रीति कमल और सह सचिव के रूप में डॉ राहुल कुमार और किशुन महतो, कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ.नीतू मिंज, प्रवक्ता के रूप में डॉ अनामिका और प्रो. विजेता का नाम प्रस्तावित किया गया।उपस्थित 77% शिक्षकों द्वारा इन नामों के पक्ष में मत दिया। अतः बहुमत से अध्यक्ष प्रो. रोज उरांव, उपाध्यक्ष डॉ. रामाज्ञा सिंह, सचिव डॉ प्रीति कमल, सह सचिव डॉ राहुल कुमार और किशुन महतो, कोषाध्यक्ष डॉ नीतू मिंज, प्रवक्ता के पद पर डॉ अनामिका और प्रो. विजेता निर्वाचित हुवे। शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो रोज उरांव और सचिव डॉ प्रीति कमल ने उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उम्मीदों पर खरे उतरने का आश्वासन दिया। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने महाविद्यालय एवं शिक्षकों के हित में काम करने का संकल्प लिया।

### नशापान से दूर रहें और खुद को बचाएं: डालसा सचिव

**KHUNTI :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में सोमवार को तोरपा प्रखंड के डोडमा बाजार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ किए जा रहे कार्य और सहयोग के प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विश्व ड्रग की शुरूआत 26 जून 1989 को हुई। उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है और उसे बच्चे और लोगों को बचाएं और देश तथा समाज की सेवा में योगदान दें।

### योजनाओं को लेकर डीसी ने बैठक की

**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को नीति आयोग के अवार्ड मनी से स्वीकृत योजनाओं और नई योजनाओं से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत स्तरीय पुस्तकालय के लिए सभी पंचायत भवनों में कमरा चिन्हित करने के लिएआवश्यक निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मिलेट प्लांट के लिए भूमि चिन्हित करने का निदेश दिया गया। बीएस कॉलेज मे ई-लाईब्रेरी के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। दीदी कैफे के लिए सदर प्रखण्ड मुख्यालय में भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। किस्को में एक सुपर मार्ट की योजना और पेशरार में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट अधिष्ठापन पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिए। साथ ही, अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई व निदेश दिये गये।

### भतीजे की शादी के दौरान करंट लगने से चाचा की मौत

**KODERMA :** कोडरमा के सीमावर्ती इलाका गिरिडीह जिले के खेड़ा में रविवार की रात शादी समारोह के दौरान करंट लगने से दूल्हे के बड़े चाचा की मौत हो गई। घटना के बाद रविवार की देर रात करंट की चपेट में आए व्यक्ति को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि उनके घर में शादी की रस्म अदा की जा रही थी। इसी दौरान जोगेंद्र भुइयां ( 50 ) के द्वारा घर की महिलाओं को गीत गाने के लिए माइक दिया जा रहा था। माइक में करंट आ जाने से वह मूर्छित होकर गिर गए। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि भतीजे की शादी 25 जून को होनी थी ,जिसे इस घटना के बाद रोक दिया गया है।

### बिरसा कॉलेज खूंटी में इंटरमीडिएट में नामांकन बंद करने के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

**KHUNTI :** बिरसा कॉलेज खूंटी में इंटरमीडिएट में नामांकन बंद होने और कॉलेज की अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया गया। साथ ही मांगों से संबंधित ज्ञापन कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या को सौंपा। धरना-प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे एबीवीपी के विभाग संयोजक प्रेम प्रतीक, छात्रा प्रमुख खुशबू हेमरोम और कमलेश महतो ने बताया कि यूजीसी के आदेश के कारण डिग्री कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी गई है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक बिरसा कॉलेज में इंटर में नामांकन बंद होने से जिले के विद्यार्थी परेशान हैं। जिले में ज्यादातर विद्यार्थी सुदूरवर्ती क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इस वर्ष मैट्रिक पास कर जिले के इंटर कॉलेज में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों की संभावित संख्या पांच हजार से अधिक है। अधिकतर विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण रांची जैसे बड़े शहरों में उनके लिए पढ़ाई करना संभव नहीं हो पाएगा। ऐसे में कहीं उनकी पढ़ाई बीच में न रुक जाए, यह डर जिले के हजारों विद्यार्थियों को सता रहा है। विद्यार्थियों की इन समस्याओं और उनके हित को ध्यान में रखते हुए इंटर में नामांकन प्रक्रिया दोबारा से संचालित हो, इस मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद ने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया।

### दंपति को अपराधियों ने मारी गोली, पत्नी की मौत, पति गंभीर

**PALAMU :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के धोबिया घाट स्थित भवनाथपुर में रविवार देर रात शादी समारोह से घर लौट रहे दंपति को अपराधियों ने गोली मार दी। इस घटना में पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि मुफस्सिल थाना के सकरीगली करारा निवासी पप्पू यादव (46 ) अपनी दूसरी पत्नी मिली सिंह के साथ शहर के धोबिया घाट स्थित भवनाथपुर में किराये के मकान में रहते हैं। रात को वे चौक बाजार से किसी की शादी से भोज खाकर लौट रहे थे। इसी दौरान घर में घुसने के साथ ही अपराधियों ने दोनों को गोली मार दी। गोली लगते ही मिली सिंह की मौत हो गयी। पप्पू यादव को अपराधियों ने आठ गोली मारी है, जिनमें पांच गोली पेट में, दो कंधे में और एक गर्दन में लगी है। पप्पू को भागलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### ससुराल आए दामाद का फंदे से लटका मिला शव

**PALAMU :** जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के जपला धरहरा गांव में सोमवार को ससुराल आए दामाद का शव फंदे से लटका मिला। मृतक का नाम गया जिले के शेरघाटी थाना के कालबन गांव निवासी सुदर्शन चौधरी का 24 वर्षीय पुत्र रंजीत चौधरी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत हुसैनाबाद के वार्ड नं. 6 निवासी हरि चौधरी का दामाद रंजीत चौधरी दो दिन पूर्व ही अपने ससुराल आया था। ससुराल में 22 वर्षीय उसकी पत्नी पुष्पा देवी और करीब एक वर्ष का पुत्र था। रंजीत के ससुर जीविकोपार्जन के लिए बाहर मजदूरी का काम करते हैं, जबकि सास किसी रिश्तेदार के घर शादी समारोह में बाहर गई थी। पत्नी पुष्पा देवी ने बताया कि रविवार की रात खाना खाने के बाद एक ही कमरे में पति और पुत्र के साथ सोई थी। सुबह नींद खुलने पर पति का शव फंदे से लटका देखा। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जग्रनाथ धान ने बताया कि मृतक के परिवार वालों को भी इस घटना की सूचना दे दी गई है।

# मंडी में सब्जियों के दामों में लगी आग, टमाटर हुआ और लाल

## बारिश के साथ ही सब्जियों की कीमत में बढ़ोत्तरी, टमाटर, खीरा सहित कई और सब्जियों के दाम हुए दोगुने

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मानसून की पहली बारिश ही शुरू हुई है, लेकिन सब्जियों की महंगाई नए रिकॉर्ड बना रही है। घरों के रसोई में गैस पर आग जलने से पहले मंडी में सब्जियों के दामों में आग लगी हुई है। सभी हरे सब्जियों के दामों में 10 रुपये से 50 रुपये की वृद्धि हुई है। कुछ सब्जियों के दाम में दुगने वृद्धि हुए है। हरे सब्जियों की महंगाई लोगों के जेब पर भारी पड़ रहा है। जमशेदपुर के विभिन्न सब्जी मंडियों जिसमें साकची, मानगो, गोलमुरी, बाडीडीह, सिदगोडा आदि मंडियो में भी हरे सब्जी की कीमत आसमान छू रही है। मंडी में आलू और प्याज को छोड़कर सभी सब्जियों के दाम बढे है। साकची सब्जी मंडी के बिक्रेता मनीष ने बताया कि पिछले 10 दिन में आलू और प्याज को छोड़कर सभी हरे सब्जियों के दाम बढ़ा है। उसने बताया कि टमाटर, खीरा, करेला के दामों में दो गूने वृद्धि हुए है। उसने बताया कि टमाटर , फूल गोभी, खीरा के दामों आगे भी वृद्धि होने की संभावना है। उसने बताया कि मंडी में ज्यादातर हरे सब्जियों की आवक लोकल क्षेत्र से हो रही है। हालांकि पिछले 15 दिनों से सब्जी का उत्पादन पहले से कम हुआ है। बरसात में होने वाले सब्जी अभी मंडी में धीरे धीरे आयेगा। सभी सब्जी गर्मी में पैदा होने वाले ही आ रहे है। अभी हरे सब्जियों का आवक पटमदा, चाँडील , समेत बंगाल से हो रही है। वहीं टमाटर, बीन्स, आलू, अदरक, प्याज, अदरक शिमला मिर्च आदी दूसरे राज्यों से आ रहे है। दूकानदारों ने बताया कि गर्मी केसीजन में सब्जी का उत्पादन कम होता है। साथ ही ट्रांसपोर्टेशन रेट ज्यादा होने से सब्जियों के दाम बढे है। सब्जी बिक्रेता राकेश ने बताया कि अदरक, लहसून, बीन्स, शिमला मिर्च के दामों में पिछले 15 दिनों में ज्यादा बढे है। उसने बताया कि बारिश ज्यादा होने से सब्जी के दाम में और वृद्धि होगा।


मंडी में सब्जी बेचता दुकानदार • फोटोन न्यूज

**पिछले 15 दिनों में बढे सब्जियों के दाम :** खीरा पहले 40 रुपये किलो था। वहीं अब 60 से 80 रुपये किलो मिल रहे है। भींडी पहले 30 से 40 रुपये किलो था, वहीं अब 50 से 60 रुपये किलो, करेला 50 रुपये किलो था, वहीं अब 60 से 70 रुपये किलो, लौकी 25 से 30 रुपये किलो था, वहीं अब 40 रुपये किलो, लाहसून 120 रुपये किलो था, वहीं अब 150 रुपये किलो, अदरक पहले 230 से 250 रुपये

### वर्तमान में सब्जियों का रेट प्रति किलो

| | |
|---|---|
| आलू | – 20 |
| प्याज | –22 |
| नेनुआ | –50 से 60 |
| खरोई | –80 से 100 |
| लौकी | –40 |
| बैगन | – 50 से 80 |
| भिंडी | – 50 से 80 |
| खेकसा | – 120 |
| टमाटर | – 60 से 80 |
| करेला | – 50 से 80 |
| शिमला | – 140 से 160 |
| पटल | – 50 से 60 |
| बरबटी | – 80 |
| धनिया | – 80 |
| खीरा | – 60 से 80 |
| मूली | – 40 |
| बीन्स | – 140 से 150 |
| गाजर | – 50 |
| अदरक | – 300 |
| लाहसून | – 130 से 150 |
| नींबू | – 20 रुपये में 4 पीस |

# केयू में दीक्षांत समारोह की तैयारी फिर से शुरू, आज होगी सिंडिकेट की बैठक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** कोल्हान विश्वविद्यालय में 27 जून को सिंडिकेट की बैठक कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रभारी कुलपति मनोज कुमार की अध्यक्षता में होगी। कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रभारी कुलपति मनोज कुमार की यह पहली बैठक होगी। इसमें सिंडिकेट के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य राजेश कुमार शुक्ल, पूर्व आईएएस जेबी तुबिद समेत अन्य शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि सिंडिकेट की बैठक में दीक्षांत समारोह के अलावा कुछ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

इसमें जेपीएससी से नवनियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का मुद्दा होगा। इसके साथ ही सत्र को ध्यान देते हुए परीक्षा संबंधित विचार-विमर्श होगी। इसके अलावा कुछ अन्य प्रस्तावों को भी सिंडिकेट में रखा जायेगा।

बताया जा रहा है कि कोल्हान विश्वविद्यालय फिर से दीक्षांत समारोह आयोजन करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व कुलपति डॉ। गंगाधर पंडा के कार्यकाल से ही छठे दीक्षांत समारोह के आयोजन का प्रयास किया जा रहा था।

समारोह के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। लेकिन राष्ट्रपति भवन से तिथि नहीं मिलने की वजह से समारोह का आयोजन नहीं हो सका। अब प्रभारी कुलपति सह आयुक्त मनोज कुमार भी छठे दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर प्रयासरत हैं।



### 11 केंद्रो पर 27 जून से शुरू होगी यूजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

कोल्हान विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी व एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के तहत परीक्षाएं 27 जून से शुरू होंगी और 11 जुलाई तक चलेंगी। इसके लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। विवि की ओर से कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें एबीएम कॉलेज, बहरागोड़ा कॉलेज, जीसी जैन कॉलेज, महिला कॉलेज चाईबासा, कोऑपरेटिव कॉलेज, जेएलएन कॉलेज, केएस कॉलेज सरायकेला, एसबी कॉलेज चांडिल, टाटा कॉलेज चाईबासा, बीडीएसएल महिला कॉलेज घाटशिला व करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर शामिल हैं। यह परीक्षा दो पारियों में ली जाएगी जिसकी पहली पाली सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी जबकि दूसरी वाली दोपहर 1.30 से शुरू होकर शाम 4.30 तक चलेगी। इस परीक्षा में करीब 7000 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए विवि ने टीम का गठन किया है जो केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षार्थियों की तलासी लेगी। जो छात्र कदाचार करते पकड़ा जाएगा उसे परीक्षा सेनिष्कासित कर दिया जाएगा।

# UCC भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत, एकता और अखंडता के लिए घातक : मौलाना शमशाद कादरी

## मुस्लिम पर्सनल लॉ पर हमला है यूनिफॉर्म सिविल कोड,15 जुलाई को होगी विरोध सभा : बाबर खान

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** आजाद नगर स्थित एदार ए शरिया में सोमवार को मुफ्ती जिया उल मुस्तफा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ पर हमला बताया गया। इस बठक को संबोधित करते हुए मुफ्ती जिया उल मुस्तुफ ने कहा कि हमारा प्यारा भारत इस्लाम की धरती है, जहां ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती, कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी, हाजी अली शाह रहमतुल्लाह अलैह जैसे सूफी संतों के मकबरे हैं जो आज भी अमन, भाईचारा और देश प्रेम का संदेश दे रहे हैं। ये सदियों पुरानी दरगाहें स्पष्ट करती हैं कि भारत इस्लाम की धरती है और यहां सभी देशवासियों को पूर्ण रूप से धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त है और यही चीज भारत को महान बनाती है। लेकिन केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता का बिल लाकर भारत के धार्मिक स्वतंत्रता के ताने बाने को तोड़ना चाह रही है। अगर ऐसा हुआ तो यह हमारी धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला माना जाएगा जिसे हम कबूल नहीं करेंगे। इस दौरान कई लोगों अपने-अपने विचारों को रखा। इस मौके पर बहुत से धर्म गुरु उपस्थित थे।



**एक धर्म विशेष के धार्मिक अधिकारों को दबाने के लिए लाया जा रहा यूसीसी-हारून रशीद :** फ्रंट के केंद्रीय महासचिव बाबर खान ने कहा कि समान नागरिक संहिता की आड़ में मुस्लिम पर्सनल लॉ पर हमले की तयारी हो रही है जिस का विरोध किया जायेगा और 15 जुलाई 2023 के बाद संवैधानिक अधिकार के अंतर्गत विरोध सभा आयोजित होगी। वहीं मौलाना शमशाद कादरी ने कहा कि समान नागरिक संहिता भारत की एकता, अखंडता, साझा सांस्कृतिक विरासत और समरसता के लिए ठीक नहीं है और इस के लिए लोगों को जागरुक किया जायेगा। जबकि मौलाना हारून रशीद ने कहा कि वक्त की पुकार है समान नागरिक संहिता का विरोध करना। क्यूकि एक धर्म विशेष के धार्मिक अधिकारों को दबाने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की तयारी हो गई है जो निंदनीय है।

**यूसीसी लागू करने से पहले जनमत संग्रह कराए केंद्र सरकार:** इमाम मक्का मस्जिद मुफ्ती अबु हुरैरा ने कहा कि हिंदुस्तान के संविधान के हित में अगर यूसीसी लाया गया तो उस का स्वागत किया जायेगा। अगर सभी भारतीय संस्कृति और सभ्यता को ध्यान में रखकर यूसीसी आया तो ठीक होगा। वरना इसका हर स्तर पर विरोध शांतीपूर्ण आंदोलन के जरिए किया जाएगा। मौलाना सगीर फौजी और कारी राजाउद्दीन ने कहा यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट प्रकाशित हो और सार्वजानिक कर जन मत संग्रह कर लोगों की राय ले केन्द्र सरकार।

जोर जबरदस्ती कर यू सी सी थोपी गई तो ये तानाशाही होगी। और इस प्रकार के कानून का विरोध कानूनी तरीके से होगा।

# कदमा में चापड़ से युवक की हत्या, आरोपी हुआ फरार



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** कदमा थाना क्षेत्र के राम नगर में काली मंदिर रोड के रहने वाले एक युवक की चापड़ से मारकर हत्या कर दी गई है। घटना रविवार देर रात की बतायी जा रही है। युवक का नाम आकाश है जिसकी उम्र 20 वर्ष के करीब है। काशा के परिजनों ने बताया कि रात को समीर और मझला उनके घर अआए आर आकाश आवाज देकर बुलाया। जैसे ही वजह घर से बाहार आया दोनों ने चापड़ से हमला कर दिया। जिससे आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन जब तक कुछ समझ पाते आरोपी फरार हो गए। इसके बाद परिजन खून से लथपथ घायल आकाश को लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे टीएमएच रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन आकाश को लेकर टीएमएच पहुंचे, लेकिन परिजनों के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह आकाश को टीएमएच में भर्ती कराएं। इसके बाद वे घायल आकाश को लेकर रांची के रिम्स के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही आकाश ने दम तोड़ दिया। आकाश के भाई संतोष ने बताया कि आकाश का मझला और समीर नामक युवक से कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। झगड़े के पीछे पुराना विवाद बताया जा रहा है।

# साप्ताहिक टेस्ट के टॉपर हुए सम्मानित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** प्रशासन की ओर से सरकारी स्कूल में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट परखः पढ़ाई और खेल के तहत पिछले शनिवार जिले के उच्च विद्यालयों में आयोजित साप्ताहिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हर स्कूल के तीन छात्रों को सोमवार को पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही इस टेस्ट में शामिल सभी बच्चों को उनका रिपोर्ट कार्ड दिया गया। विदित हो कि शनिवार को जिले के 147 उच्च विद्यालयों में आयोजित गणित विषय के साप्ताहिक परीक्षा आयोजित की गयी थी। जिसका परिणाम सोमवार को प्रार्थना सभा में अभिभावकों की उपस्थिति में जारी किया गया। इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उक्त प्रोजेक्ट के तहत स्कूल परिसर में साफ-सफाई अभियान नियमित चलाने के साथ-साथ कई आमूलचूल परिवर्तन भी लाए जा रहे हैं। डीडीसी मनीष कुमार ने कहा कि ने प्रोजेक्ट 'परखः पढ़ाई और खेल' के बेहतर संचालन के तहत पैरेंट्स मीटिंग का सरकारी स्कूलों में होगा। अभिभावकों को स्कूल की ओर से इस संबंध में पत्र भेजा जाएगा। पैरेंट्स मीटिंग पर माता-पिता का शामिल होना अनिवार्य होगा।


साप्ताहिक टेस्ट में पुरस्कृत बच्चे • फोटोन न्यूज

**अनिवार्य किया गया फर्स्ट एड एवं सेनिटरी बॉक्सः** डीडीसी ने कहा कि सप्ताह में एक दिन एक पीरियड डॉक्यूमेंट्री पीरियड होगा जिसमें जिला से भेजे गए वीडियो- डॉक्यूमेंट्री बच्चों को दिखाया जाएगा। सभी शिक्षकों के लिए फॉर्मल ड्रेस अनिवार्य करते हुए आईकार्ड लगाने, फर्स्ट एड बॉक्स एवं सेनिटरी बॉक्स रखने का आदेश दिया गया है। सुबह के प्रार्थना सभा में 'थाउट आफ द डे' तथा विद्यालय में सबसे पहले पहुंचने वाले छात्र को शिक्षक के हाथों फूल देकर स्वागत किया जाएगा। प्रशासन की मानें तो इन छोटे-छोटे प्रयासों से बच्चों को विद्यालय आने पर एक बेहतर वातावरण देने, आत्मविश्वास जगाने तथा परीक्षा में तनावमुक्त रहते हुए खुद को बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं।

# ईद-उल-अजहा 29 को, मस्जिद व ईदगाह कमेटी ने जारी किया नमाज का समय, एक लाख से अधिक लोग पढ़ेंगे नमाज

## मस्जिद-ए-मोहम्मदी जाकिरनगर में सुबह 5:30 व साकची में 7:30 बजे होगी नमाज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** ईद-उल-अजहा का त्योहार 29 जून को मनाया जाएगा। मस्जिद कमेटी ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद शहर की अलग-अलग मस्जिद और में ईद की नमाज का समय जारी कर दिया है। पहली नमाज मस्जिद ए मोहम्मदी जाकिरनगर में सुबह 5.30 बजे होगी। साकची आम बागान में सुबह 7.30 बजे नमाज होगी। आखिरी नमाज शिया जामा मस्जिद जाकिर नगर में 9 बजे से होगी। इसके बाद कुबार्नी करेंगे। ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के लिए करीब एक लाख से अधिक लोग शहर के 275 मस्जिदों और चार से अधिक ईदगाह में नमाज अदा करेंगे। ईद-उल-अजहा दिन साहब-ए-नेसाब हजरत इब्राहिम की सुन्नत अदा करने और पैगंबर हजरत मोहम्मद के फरमान के अनुसार जानवरों की कुबार्नी देंगे। प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थान में फोर्स तैनात रहेगी। उलेमा ने युवाओं कुबार्नी की वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट करने से मना किया है।


फाइल फोटो

**जुगसलाई अबू बकर मस्जिद, जुगसलाईः** सुबह 5:45 बजे, गरीब नवाज मस्जिद सुबह 6:30बजे, मस्जिद ए नबिहानः सुबह 6:15 बजे, मस्जिद ए मेराजः सुबह 6:15 बजे, जामा मस्जिदः सुबह 7:00 बजे, महवारी शरीफ, बागबेड़ाः सुबह 8:30 बजे, मस्जिद नूरी : सुबह 06.30 बजे।

टेल्को अहले हदीसः 05.45, मानगो जामा मस्जिद अहले हदीस जाकिरनगरः सुबह 6.00, मस्जिद ए- मोहम्मादी, जाकिरनगर चौकः सुबह 5:30 बजे, अक्सा मस्जिद जवाहर नगर, मानगोः सुबह 05.45, सल्फिया मस्जिद प्रोफेसर कॉलोनी, मानगो, 05:45 बजे, इमाम हुसैनी मस्जिद जाकिर नगरः 7:30 बजे, शिया जामा मस्जिद जाकिर नगरः 9:00 बजे, मुंशी मोहल्ला मदरसा हुसैनिया 6:00 बजे, कपाली मस्जिद : सुबह 5:25 बजे, धातकिडीह-कदमा शास्त्री नगर, सल्फी मस्जिद शास्त्रीनगरः सुबह 6.00 बजे, धतकीडीह मस्जिद सुबह 7:00 बजे, शास्त्री नगर फारुखी मस्जिद सुबह 6:45 बजे।

### इन मस्जिदों व ईदगाहों में पढ़ी जाएगी नमाज

धतकीडीह
सुबह 7 :30 बजे
साकची आमबागान
सुबह 7 :30 बजे
जुगसलाई
सुबह 7 :30 बजे
मानगो आजादनगर
सुबह 7 :30 बजे।

## डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट को बंद किए जाने के विरोध में इंटर के शिक्षकों ने की आंदोलन की शुरूआत

# नौकरी जाने का डरः अंगीभूत COLLEGES में संचालित इंटर के 5 हजार शिक्षक काला बिल्ला लगा कर रहे आंदोलन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट को बंद किए जाने के विरोध में इंटर के शिक्षकों ने आंदोलन की शुरूआत कर दी है। इस क्रम में जमशेदपुर के वर्कर्स कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने सामूहिक रूप से काला बिल्ला लगाकर सरकार की नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए नारेबाजी की। शिक्षकों ने रोजी-रोटी के संरक्षण हेतु पूरे राज्य भर के शिक्षक एवं कर्मचारी सरकार के नीतियों का विरोध करते हुए 11वीं में नामांकन शुरू करने एवं अपने समायोजन की मांग कर रहे हैं। साथ ही छात्र भी अपने नामांकन हेतु राजभर के विश्वविद्यालयों में हजारों की संख्या में उग्र आंदोलन कर रहे हैं। सरकार एवं अधिकारियों की तरफ से सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इस विरोध प्रदेश प्रदर्शन में जावेद अख्तर अंसारी, सुमन कुमारी सिन्हा, रिंकी बंसियार, तजेंदर कौर, रेशमी बारला, नीतीश कुमार, नीरज कुमार, सैसव सरकार, रौशन कुमार, लाली कुमारी आदि सहित सभी कर्मी मौजूद रहे।


काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन करते वर्कर्स कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी • फोटोन न्यूज

**5 हजार शिक्षक होंगे बेरोजगारः** विदित हो कि झारखंड में नई शिक्षा नीति के आलोक में झारखंड के 62 अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई खत्म कर दी गई है। अभी झारखंड में मौजूदा आलम यह है कि लाखों की संख्या में ग्रामीण एवं शहरी परिवेश के बच्चे इधर-उधर नामांकन की तलाश में भटक रहे हैं।

उनका सुध-बुध लेने वाला पूरे झारखंड में न कोई अधिकारी है न कोई मंत्री। अगर डिग्री कॉलेज में नामांकन शुरू नहीं होता है तो पूरे राज्य भर के लगभग 5000 की संख्या में शिक्षक व कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। ये शिक्षक डिग्री कॉलेजों में फिर से नामांकन शुरू करने या उन्हें समायोजित करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। लेकिन अभी तक उनकी मांगों पर सरकार की तरफ से कोई रिस्पांस नहीं आया है।

# झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ व कोल्हान प्रमंडल की बैठक संपन्न, कई प्रस्ताव पारित




● उर्दू पढ़ने वाले बच्चों के विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों को पदस्थापित किया जाए : अमीन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, कोल्हान प्रमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक मानगो, जमशेदपुर में हुई जिसमे कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सराईकेला - खरसावाँ के शिक्षक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य अथिति के रूप मे संघ के प्रदेश महासचिव अमीन अहमद शामिल हुए। उनके समक्ष प्रमंडल में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को रखा गया।

महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि वर्ष 2015 में राज्य के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों के लिए भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी, परन्तु विभाग के द्वारा एक भी उर्दू शिक्षकों का पदस्थापन उर्दू पठन पाठन करने वाले बच्चों के विद्यालयों में नहीं किया गया जिससे उर्दू भाषा के बच्चे उर्दू विषय पढ़ने से वंचित हो जा रहे हैं। ज्ञात हो कि पूर्वी सिंहभूम अंतर्गत कुल 6 शिक्षकों की नियुक्ति उर्दू भाषा शिक्षक के पद पर की गई थी जिनका पदस्थापन दूसरे भाषाई वाले बच्चों के विद्यालयों में कर दी गई। लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी इनको उर्दू भाषा पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं के विद्यालय में नही किया गया। विभागीय नियमों के तहत इनका पदस्थापन वैसे विद्यालयों में होना चाहिए था जहाँ बच्चों की मातृभाषा उर्दू है ' इसके लिए जल्द विभाग से इस त्रुटि पर ध्यान आकृष्ट कराया जायेगा ताकि बच्चे अपने मातृभाषा की पढ़ाई से वंचित ना रह जायें' कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत सभी जिला के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कहा कि अपने प्रमंडल में व्याप्त समस्याओं को सुलझाने के लिए सभी जिला के कमिटी को और मजबूत किया जायेगा तथा इसके लिए कोष संग्रह पर भी विशेष जोर दिया गया।

# मानसून का स्वागत


भारत में मानसून किसी महोत्सव से कम नहीं है। यहां सदा से मानसून का इंतजार रहा है। छह दशक बाद यह सुखद संयोग बना है कि देश की राजनीतिक राजधानी दिल्ली के साथ ही देश की व्यावसायिक राजधानी मुंबई को भी एक ही दिन मानसून की बौछार हासिल हुई है। इन महानगरों में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरूआत की घोषणा के साथ ही देश के एक बड़े इलाके में खुशी का संचार हो गया है। मुंबई को मानसून के लिए तय समय से 14 दिन ज्यादा इंतजार करना पड़ा, वहीं दिल्ली को तय समय से दो दिन पहले ही मानसून नसीब हो गया। क्या दोनों जगहों पर एक साथ मानसून के आने का कोई अर्थ है? पिछली बार जब दोनों शहरों में 21 जून, 1961 को मानसून आया था, तब बारिश की क्या स्थिति थी? क्या इस बार मुंबई या महाराष्ट्र में सामान्य से कम बारिश होने वाली है? इस बार दिल्ली और आसपास के इलाकों को जून के महीने में ज्यादा बारिश मिलने की उम्मीद है। आगामी दिनों में उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ मैदानी इलाकों को छोड़कर बाकी हर जगह बारिश के आसार हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर ज्यादा वर्षा की आशंका है, तो जाहिर है, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को ज्यादा सावधान रहना होगा। खासकर बिजली गिरने और तूफान की आशंका के मद्देनजर लोगों को सतर्क रहना चाहिए। शुरूआती बारिश की तीव्रता ज्यादा होती है और लोग आपदाओं का सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं। आने वाले दिनों में लोगों को मौसम संबंधी अनुमानों पर खास निगाह रखनी चाहिए। किसी भी यात्रा पर निकलने से पहले सुविधा-असुविधा सोचकर पूरी तैयारी से निकलना चाहिए। देश ने अपने पश्चिम तट पर हाल ही में बिपरजॉय चक्रवात को झेला है और इसमें हुई न्यूनतम जनहानि से हमें सीखना चाहिए। चूंकि हम सतर्क थे, इसलिए हमें कम से कम नुकसान हुआ। ठीक इसी तरह की सतर्कता मानसून के समय भी जरूरी है। ध्यान देने की बात है कि ज्यादा बारिश होगी, तो जगह-जगह बाढ़ की भी स्थिति बनेगी। ऐसे में, अपने जीवन को बचाना सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी तरह का खतरा लेना उचित नहीं है। आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों को भी समय रहते अपनी तैयारी मुकम्मल कर लेनी चाहिए। दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने देश की ताकत है और इस ताकत का पूरा लाभ लेने की दिशा में हमें गंभीरता से काम करना चाहिए। यह जल संरक्षण और पौधरोपण का भी समय है। जल संरक्षण के तमाम साधनों को सक्रिय कर देना चाहिए। जल भराव से बचने का एक तरीका यह है कि जल को किसी जलाशय या नदी तक पहुंचने का रास्ता दे दिया जाए। खासकर मुंबई, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में जल भराव एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। थोड़ी सी बारिश होती है और देश के अच्छे-अच्छे शहरों की पोल खुलने लगती है। गौर करने की बात यह भी है कि हमारे यहां बहुत पानी बर्बाद होता है। अनेक नदियों तक पूरा पानी नहीं पहुंच पाता और वो प्यासी रह जाती हैं। जल संरक्षण के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए यह परीक्षा का समय है। इसके साथ ही मानसून मौसमी बीमारियों को भी बढ़ाता है।

# पुतिन को चुनौती

सवा साल से अधिक समय से यूक्रेन युद्ध में कामयाबी न मिल पाने से मुश्किलों में घिरे रूसी राष्ट्रपति पुतिन को वैग्नर लड़ाकों की चुनौती बताती है कि रूस में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। पुतिन की प्राइवेट आर्मी कहे जाने वाले वैग्नर ग्रुप के विद्रोही तेवरों ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। लेकिन शनिवार तक मामले का तब पटाक्षेप हो गया जब वैग्नर आर्मी के प्रमुख येवेनी प्रोगोझिन और पुतिन के मित्र व बेलारूस के राष्ट्रपति लूकाशेंको के बीच समझौता हो गया। क्रेमलिन ने कहा कि प्रोगोझिन बेलारूस जाएंगे और उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को हटा लिया जायेगा। इससे पहले खबर आई थी कि इस प्राइवेट आर्मी ने विद्रोह का बिगुल बजाकर रूसी शहर रोस्तोव पर कब्जा कर वहां के सैन्य ठिकाने को घेर लिया है। यह भी कहा गया कि यह कुख्यात प्राइवेट आर्मी मास्को पहुंचने की कोशिश कर रही है। इस खबर से रूस समेत पूरी दुनिया में खलबली मच गई और रूस में आपातकाल लागू करने की बात कही जाने लगी। पहले यह भी कयास लगाए जा रहे थे कि पूर्व सैनिकों व सजायाफ्ता अपराधियों को मिलाकर बनी इस प्राइवेट आर्मी को रूसी सेना के कुछ गुटों का समर्थन हासिल है। बहरहाल हकीकत कुछ भी हो इस घटनाक्रम से रूसी राष्ट्रपति पुतिन की प्रतिष्ठा पर आंच तो आई ही है। वहीं पुतिन ने वैग्नर के विद्रोह को विश्वासघात बताते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही। लेकिन दुनिया अभी समझने की कोशिश कर रही है कि पुतिन की सोच से उपजी यह कुख्यात प्राइवेट आर्मी अचानक पुतिन के खिलाफ कैसे हो गई। सवाल उठाया जा रहा है कि पुतिन के इशारे पर पूरी दुनिया के अशांत इलाकों में कोहराम मचाने वाले वैग्नर समूह ने अचानक विद्रोही तेवर क्यों अपना लिये? अब तो यह समूह रूसी सेना के साथ यूक्रेन में कंधा से कंधा मिलाकर लड़ रहा था? यूक्रेन ही नहीं, दुनिया के कई अशांत इलाकों मसलन सीरिया व लीबिया में भी वैग्नर ग्रुप के लड़ाके रूस के हितों की पूर्ति के लिये कहर बरपाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्राइवेट आर्मी में जहां कुछ रूसी भूतपूर्व सैनिक हैं तो एक बड़ी संख्या सजायाफ्ता कुख्यात अपराधियों की है, जिन्हें मुक्ति का आश्वासन दिया जाता है। जिनका एकमात्र मकसद पैसा कमाना ही होता है। ऐसे में इस असामान्य बुनियाद वाले संगठन द्वारा यदि विद्रोह का बिगुल बजाया जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

# गीता प्रेस जनतांत्रिक, आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण

ANALYSIS



कृष्ण कल्पित

गीता प्रेस दुनिया का अनोखा छापाखाना है। इसका विरोध नहीं, अध्ययन और शोध होना चाहिए। फिर ज्ञानरंजन जी ने अपने पिता रामनाथ सुमन और गीता प्रेस के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाई जी' के रिश्तों के बारे में बताने लगे। उनके संबंध प्रगाढ़ रहे। हनुमान प्रसाद पोद्दार और रामनाथ सुमन के बीच जो पत्राचार हुआ वह उनके पास सुरक्षित है। ऐसे कोई सौ के लगभग पत्र होंगे। उन्होंने बताया कि रामनाथ सुमन ने आजादी से पूर्व कल्याण में गांधी और स्वतंत्रता संग्राम पर कोई चालीस लेख लिखे जिसे भाई जी ने बिना संपादन के प्रकाशित किया। कल्याण लेखकों को पारिश्रमिक नहीं देता था लेकिन सुमन जी को उन्होंने इन लेखों का बाकायदा पारिश्रमिक दिया। जब ज्ञानरंजन की माता जी यक्ष्मा से पीड़ित हुईं तो हनुमान प्रसाद पोद्दार ने उनकी वित्तीय सहायता भी की। रामनाथ सुमन जी एक तरह से कल्याण के सलाहकार की भूमिका में थे। उनकी बात सुनी जाती थी। हिंदी के बहुत से प्रमुख साहित्यकार सुमन जी की प्रेरणा से कल्याण से जुड़े और कल्याण के लिए लिखा।

87 की उम्र में भी वही खनकती हुई आवाज! सुबह जबलपुर से ज्ञानरंजन जी (पहल पत्रिका के संस्थापक संपादक) का टेलीफोन आया। दिल में धड़का हुआ कि मुझसे कोई गलती हुई है और डांट पड़ने वाली है। लेकिन मेरी आशंका निर्मूल साबित हुई। ज्ञान जी ने मेरे गीता प्रेस पर लिखे आलेखों (फेसबुक पोस्ट) की तारीफ की और कहा कि गीता प्रेस जैसी दुनिया की अनोखी जनतांत्रिक संस्था की आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण है । कांग्रेस के जयराम रमेश हों या हिंदी के अन्य लेखक बुद्धिजीवी, जो भी गीता प्रेस की आलोचना कर रहे हैं वे इस देश की मिट्टी की तासीर से अनभिज्ञ हैं। गीता प्रेस दुनिया का अनोखा छापाखाना है। इसका विरोध नहीं, अध्ययन और शोध होना चाहिए। फिर ज्ञानरंजन जी ने अपने पिता रामनाथ सुमन और गीता प्रेस के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाई जी' के रिश्तों के बारे में बताने लगे। उनके संबंध प्रगाढ़ रहे। हनुमान प्रसाद पोद्दार और रामनाथ सुमन के बीच जो पत्राचार हुआ वह उनके पास सुरक्षित है। ऐसे कोई सौ के लगभग पत्र होंगे। उन्होंने बताया कि रामनाथ सुमन ने आजादी से पूर्व कल्याण में गांधी और स्वतंत्रता संग्राम पर कोई चालीस लेख लिखे जिसे भाई जी ने बिना संपादन के प्रकाशित किया। कल्याण लेखकों को पारिश्रमिक नहीं देता था लेकिन सुमन जी को उन्होंने इन लेखों का बाकायदा पारिश्रमिक दिया। जब ज्ञानरंजन की माता जी यक्ष्मा से पीड़ित हुईं तो हनुमान प्रसाद पोद्दार ने उनकी वित्तीय सहायता भी की। रामनाथ सुमन जी एक तरह से कल्याण के सलाहकार की भूमिका में थे। उनकी बात सुनी जाती थी। हिंदी के बहुत से प्रमुख साहित्यकार सुमन जी की प्रेरणा से कल्याण से जुड़े और कल्याण के लिए लिखा। सुमन जी ने अपनी मृत्यु से पूर्व अपनी तमाम किताबें गीता प्रेस को भेंट कर दी थीं। ज्ञानरंजन जी ने बताया कि वे सभी किताबें अभी भी गीता प्रेस के कार्यालय में सुरक्षित हैं। प्रेमचंद ने भी कल्याण के लिए लिखा और कुछ साहित्यकारों और चित्रकारों की नौकरी के लिए भाई जी से सिफारिश भी की। सुमन जी से पोद्दारजी का मृत्यु पर्यंत संबंध बना रहा । गीता प्रेस की रविंद्रनाथ टैगोर ने प्रशंसा करते हुए कहा कि बिना सांप्रदायिकता के अपने धर्म का ऐसा प्रचार श्लाघनीय है । रामनाथ सुमन गांधीवादी थे। युवा ज्ञानरंजन का इस बात पर अपने पिता से मतभेद भी रहा । जैसा ज्ञान जी ने बताया । मैंने उन्हें (ज्ञानरंजन जी) बताया कि कुछ समय के लिए मेरे चित्रकार पिता ने भी 'भाई जी' के कहने से गीता प्रेस के लिए काम किया। मेरे पिता और हनुमान प्रसाद पोद्दार राजस्थान के रतनगढ़ कस्बे के रहने वाले थे लेकिन उस समय मेरे पिता कलकत्ता (अब कोलकाता) में कमर्शियल चित्रकार का काम करते थे और बड़ा बाजार की कलाकार स्ट्रीट पर रहते थे। भाई जी ने उन्हें बुलाया था और गीता प्रेस के लिए कुछ काम करने के लिए कहा था। ज्ञान जी से बहुत देर तक बातें हुईं। बहुत-सी बातें लिखते हुए भूल रहा हूं। मुझे लगा इन बातों को भी दर्ज कर लेना चाहिए। दिल से बोझ कुछ कम हुआ! जिसके लिए मैंने लाखों के बोल सहे। गालियां खाई। बदनाम हुए । जिस सरकार/विचार का सबसे बड़ा आलोचक होने के बावजूद मुझे कहा गया कि मैं बिक चुका हूं। किसी तानाशाह या किसी धन पशु की हिम्मत नहीं जो कृष्ण कल्पित को खरीद सके । गीता प्रेस विवाद पर कई पोस्ट मैंने फेसबुक में लिखीं हैं, जिससे धुंधलका कुछ कम हो सके। ये मेरे अपने विचार हैं गीता प्रेस के बारे में। किसी ने लिखवाए नहीं हैं। यदि गीता प्रेस नहीं होती तो मैं अभी तक भेड़-बकरियां चराने वाला चरवाहा होता, कवि नहीं होता। हनुमान प्रसाद पोद्दार को भारत सरकार ने भारत रत्न देने की पेशकश की लेकिन उन्होंने विनम्रता पूर्वक इनकार कर दिया। तब कांग्रेस की सरकार थी। गीता प्रेस की स्थापना चूरू के जयदयाल गोयेंदका और रतनगढ़ के हनुमान प्रसाद पोद्दार ने की थी। महात्मा गांधी से गीता प्रेस का कोई झगड़ा नहीं था। वे कल्याण के लेखक थे। और उनकी ही सलाह पर आज तक गीता प्रेस कोई विज्ञापन या कोई पैसा किसी से नहीं लेता। भारत सरकार के करोड़ रुपये तो अभी ठुकराए हैं, न जाने कितने करोड़ रुपये गीता प्रेस अब तक ठुकरा चुका है। गीता प्रेस ने गांधी के रामराज्य के विचार को ही विस्तार दिया। गीता प्रेस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ और अनोखा प्रकाशन गृह है। इतनी किताबें किसी प्रकाशन गृह से नहीं छपी। गीता और रामचरितमानस से अधिक प्रतियां शायद बाइबिल की ही छपी होंगी । गीता प्रेस दुनिया के प्रकाशन जगत का अजूबा है । काश मेरा कविता-संग्रह गीता प्रेस से छप सकता। सबसे पहले हम यही पुस्तकें/गुटका/किताबिया ढूंढते थे, जो मुफ्त में मिलती थी। कोई तीन चार महीनों में हमारे सुदूर गांव में गीता प्रेस की किताबों से भरी मोटर आती। वह हमारे लिए उत्सव का समय होता। इन छोटी-छोटी किताबों से हमने पढ़ना सीखा । गीता प्रेस हमारे बचपन से गहरे से वाबस्ता है! गीता प्रेस का निर्माण सनातन धर्म को बचाने के उद्देश्य से किया गया था। गीता प्रेस नहीं होती तो हिन्दी पट्टी के लाखों अभावग्रस्त बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते। हिंदी और अंग्रेजी के कथित कला समीक्षकों को अपनी आंखों पर चढ़ा आधुनिकता का चश्मा उतार कर कभी भारतीय पारंपरिक कलाकृतियों को देखने गीता प्रेस गोरखपुर जाना चाहिए । वे हतप्रभ रह जायेंगे। मेरा मानना है कि दुनिया से जब आधुनिकता और उत्तर आधुनिकता का खुमार उतरेगा तो गीता प्रेस की यह चित्रशाला दुनिया की सबसे महंगी आर्ट गैलरी होगी। इस चित्रशाला में जयपुर के किसी अज्ञात कलाकार की एक पेंटिंग है शिवजी की बरात। अपूर्व और क्लासिक । मैं केवल यही चित्र जीवन भर देखता रह सकता हूं। हिन्दी के कुछ वामपंथी आलोचकों, पत्रकारों और जातीय बुद्धिजीवियों के मन में गीता प्रेस के प्रति जैसी नफरत भरी हुई है, उससे लगता है कि उनके पास यदि सत्ता होती तो वे गीता प्रेस पर कभी का बुलडोजर चलवा देते । हमारा मानना है कि यदि गीता प्रेस जैसा संस्थान/छापाखाना जर्मनी जैसे किसी उन्नत देश में होता तो उसे अब तक राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया जाता। यह दुनिया का संभवतः सबसे बड़ा प्रेस है जिसने अब तक कोई सौ करोड़ किताबें प्रकाशित की होंगी। ज्ञान का ऐसा प्रसार अभूतपूर्व है। गीता प्रेस के लेखकों में गांधी, रविंद्र, प्रेमचंद और निराला तक रहे हैं। करपात्री महाराज की किताब मार्क्सवाद और रामराज्य भी गीता प्रेस से छपी है। गांधी के सुझाव पर ही कल्याण आज तक विज्ञापन नहीं लेता न किताब की समीक्षा प्रकाशित करता । महाभारत गीता प्रेस का सर्वाधिक प्रामाणिक है यह विष्णु खरे का मानना था। विष्णु खरे भी गीता प्रेस के घोर प्रशंसक थे । रामायण, रामचरित मानस और गीता सर्वाधिक गीता प्रेस की ही पढ़ी जाती है । गीता प्रेस ने न जाने कितने खोए हुए ग्रंथों का कल्याण किया। मुझे गीता प्रेस की एक बाल पोथी की एक कहानी कभी नहीं भूलती । एक स्वतंत्रता सेनानी डाकू और उसका मुस्लिम दोस्त अंग्रेजों की पुलिस से बचते हुए किसी मंदिर में पनाह लेते हैं और भूखे प्यासे हैं । तभी एक वृद्ध स्त्री जल का लोटा और प्रसाद की कटोरी लेकर भगवान को अर्पित करने मंदिर जाती है तो देखती है कि कोई मनुष्य भूखा प्यासा मंदिर में छुपा हुआ है तो वह अपना प्रसाद और जल का लोटा उसे समर्पित कर देती है । तभी गोलियां चलती हैं और अपने साथी को बचाने के लिए मुस्लिम दोस्त खुद सीने पर गोली खाकर मर जाता है। ऐसी प्रेरणास्पद कहानियां भी गीता प्रेस ने छापी हैं। गीता प्रेस एक असंभव स्वप्न था जो साकार हुआ। सौ बरस से अधिक हो गए। गीता प्रेस हमारी राष्ट्रीय धरोहर है। विश्व का एक अजूबा । प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार भारत में नहीं हुआ लेकिन उसका ऐसा उपयोग किसी देश में नहीं हुआ । इसे इसी तरह देखना चाहिए, तभी आपके ज्ञानचक्षु खुलेंगे। इन सौ बरसों में गीता प्रेस ने कोई सौ करोड़ किताबों का प्रकाशन किया और उन्हें देश-विदेश के सुदूर गांवों/कस्बों/शहरों तक पहुंचाया । यह प्रकाशन की दुनिया में एक रिकॉर्ड है। इन सौ करोड़ किताबों में से पचास करोड़ प्रतियां (सभी तरह के संस्करण मिलाकर) केवल रामचरित मानस, गीता और महाभारत की प्रकाशित की।

**लेखक, चर्चित कवि/गद्यकार और दूरदर्शन महानिदेशालय के पूर्व अपर महानिदेशक (नीति) हैं।**

# सुदृढ़ हुए भारत-अमेरिका संबंध

समय बलवान होता है। एक समय था जब भारत के ही कई सांसदों ने नरेन्द्र मोदी को वीजा न देने का अमेरिका से लिखित निवेदन किया था। एक समय यह है जब मोदी के नेतृत्व में अमेरिका और भारत के रिश्ते सर्वाधिक बुलंद हुए हैं। मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा से यह तथ्य एक बार फिर प्रमाणित हुआ। यहां नरेन्द्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। न्यूयॉर्क से लेकर वाशिंगटन और व्हाइट हाउस तक मोदी-मोदी की गूंज हुई। अमेरिका से साथ मजबूत रिश्तों की शुरूआत नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में हो चुकी थी। उस समय बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे। उन्होंने कतिपय भारतीय सांसदों की मोदी को वीजा न देने की अपील वाली चिट्ठी रद्दी की टोकरी में फेंक दी थी। उन्होंने स्वयं नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया। मोदी के लिए अमेरिका में रेड कार्पेट बिछाई गई। बराक भी भारत आए और इस तरह सामरिक व व्यापारिक साझेदारी आगे बढ़ी। बराक के जिन चुनिंदा विश्व नेताओं से अति घनिष्ठ संबंध थे, उनमें नरेन्द्र मोदी शीर्ष पर रहे हैं। बराक की यह परम्परा उनके उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ने भी आगे बढ़ाई। उनके कार्यकाल में भी दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए।नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत की भूमिका का विस्तार हुआ। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत का महत्व बढ़ा है। इसको भी बाइडेन समझते हैं। नरेन्द्र मोदी और निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बेहतर आपसी समझ थी। उस दौर में दोनों देश के बीच साझेदारी का विस्तार हुआ था। उनके उत्तराधिकारी जो बाइडेन के दृष्टिकोण को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी। कहा गया कि वह अनेक मुद्दों पर भारत का विरोध कर चुके है। लेकिन यह उस समय की बात है जब वह राष्ट्रपति नहीं बने थे। राष्ट्रपति बनने के बाद उनका निजी रुख ही महत्वपूर्ण नहीं रह जाता। बल्कि अमेरिकी अवाम का रुख देखना भी राष्ट्रपति के लिए अपरिहार्य हो जाता है। अमेरिका के लोग भी आतंकवाद के विरोधी हैं। इस पर नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट रुख वहां चर्चा में रहता है। आमजन इससे प्रभावित है। इसके अलावा भारत व अमेरिका की आर्थिक व्यापारिक सामरिक साझेदारी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बढ़ा है। सहयोग का नया अध्याय शुरू हुआ है। नेतृत्व के आधार पर विदेश नीति का प्रभाव निर्धारित होता है। देश वही रहता है, लेकिन नेतृत्व बदलते ही अंतरराष्ट्रीय जगत में उसकी भूमिका में बदलाव आ जाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति का प्रभाव बढ़ा है। व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आमने-सामने की बैठक हुई। बैठक के बाद उन्होंने ड्रोन, जेट इंजन और स्पेस समेत कई समझौतों का ऐलान किया। भारत ने आर्टेमिस समझौते में शामिल होने का फैसला किया है। यह समान विचारधारा वाले देशों को नागरिक अंतरिक्ष खोज के मुद्दे पर एक साथ लाता है। नासा व इसरो 2024 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं। मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर एक मेगा सौदे की घोषणा की। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी तैनाती हिंद महासागर, चीनी सीमा के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। अमेरिका और भारत के बीच जेट इंजन के सह-उत्पादन पर भी समझौता हुआ है। दोनों देशों ने भारत में एफ 414 जेट इंजन का साझा उत्पादन करने के जनरल इलेक्ट्रिक के प्रस्ताव का स्वागत किया। जीई और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक समझौते पर करार किया है। यह भारत में एफ 414 इंजन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है और इससे अमेरिकी जेट इंजन प्रौद्योगिकी का पहले से कहीं अधिक हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) हो सकेगा। कंप्यूटर चिप बनाने वाली कंपनी माइक्रोन गुजरात में अपना सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र स्थापित करेगी, जिस पर कुल 2175 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इसको लेकर भी दोनों देशों की बीच समझौता हुआ है। अमेरिका बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। भारत लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सिएटल में एक मिशन स्थापित करेगा। भारत की राजधानी में अमेरिका का दूतावास दुनिया के सबसे बड़े अमेरिकी राजनयिक मिशनों में से एक है। यह दूतावास मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में चार वाणिज्य दूतावासों की गतिविधियों का समन्वय करता है। मोदी पहली बार राजकीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। इस यात्रा के लिए खुद अमेरिकी राष्ट्रपति मेहमान नेता को आमंत्रित करते हैं। अमेरिकी राजकीय यात्रा को सबसे उच्च स्तर का दर्ज मिला है। राजकीय यात्रा पर आने वाले मेहमान का अमेरिकी राष्ट्रपति खुद स्वागत करते हैं। अमेरिकी राजकीय यात्रा पर जाने वाले नेता को इक्कीस तोपों की सलामी दी जाती है। राजकीय यात्रा पर आने वाले नेता का भव्य स्वागत किया जाता है। यात्रा पर आने वाला सारा खर्च अमेरिका उठाता है। राजकीय यात्रा पर जाने वाले नेता अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला के साथ डिनर करते हैं। इस यात्रा पर आयोजित होने वाले डिनर कार्यक्रम को 'स्टेट डिनर' कहा जाता है। नरेन्द्र मोदी ने वाशिंगटन में अमेरिकी सीईओ के विभिन्न वर्गों से मुलाकात की और उनसे भारत में तकनीकी सहयोग की मांग की। बैक-टू-बैक बैठकों की श्रृंखला में मोदी ने एप्लाइड मैटेरियल्स के प्रेसिडेंट और सीईओ गैरी ई डिकर्सन से मुलाकात की और उनकी कंपनी को भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत करने और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और उन्नत पैकेजिंग क्षमताओं को विकसित करने में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया।

## Social Media Corner

सच के हक में...



भाजपा के कर्मठ सांसद हरद्वार दुबे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जमीन से जुड़े एक ऐसे नेता थे, जो उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में अपने अहम योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्री हरद्वार दुबे जी के निधन का समाचार दु:खद है। वे जनसेवा के लिए समर्पित रहे। शोक संतप्त परिवारजनों व समर्थकों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के अध्यक्ष के नाते रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के कार्यों की समीक्षा किया। मा. विधायक मथुरा महतो, विधानसभा एवं सीएजी के अधिकारी भी साथ में थे। पूरे रांची शहर की ट्रैफि क व्यवस्था की सक्षम निगरानी यहां से हो रही है। अन्य शहरों में भी यह व्यवस्था हो।

**(विधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# झुकती है दुनिया, बस झुकाने वाला चाहिए

आज का भारत अपनी जाति, धर्म, बोली, पानी, मौसम और जैव विविधता को एक सूत्र में पिरोकर दुनिया में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। वह जल्द ही विकसित देश बनेगा। इक्कीसवीं सदी में हर देशभक्त भारतवासी की आंखों में एक सपना बसा हुआ है कि कैसे भारत सुपर पावर बने, जिसके सम्मान में हर देश नतमस्तक हो। हालांकि देशवासियों के इस सपने को साकार करने के लिए सरकारें प्रयास कर रही हैं। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लोगों को लगने लगा है कि उनका सपना हर हाल में पूरा होगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं की लंबी फेहरिस्त और उपलब्धियों को देखें तो उनकी हर यात्रा पर 'सुपर पावर इंडिया' के मिशन की स्पष्ट छाप नजर आती है। अधिकांश लोगों के मतानुसार उनके 'सुपर पावर इंडिया' के सपने की उम्मीद को धरातल पर साकार



करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोलह-आने खरे साबित हुए हैं। उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की धाक जमाई है। पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ठोस रणनीति के चलते भारत का डंका पूरी दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में बज रहा है। आज विदेशी जमीं पर भी देशवासी गर्व से अपने आपको भारतीय बता रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राज में आज भारत की छवि दुनिया में मजबूत हुई है। यह आलम है कि कोई भी देश भारत की आज किसी भी क्षेत्र में अनदेखी करने का दुस्साहस नहीं कर सकता है। भारत ने कृषि, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, तकनीक, रिसर्च, रक्षा, आईटी, अंतरिक्ष आदि के क्षेत्र में कार्य करते हुए जल-थल व नभ से जुड़े क्षेत्रों में अपनी एक विशिष्ट पहचान पूरी दुनिया में बनाई है। यह 'सुपर पावर इंडिया' मिशन के दृष्टिकोण से बड़ा संकेत है। दुनिया में भारत की यह सुदृढ़ स्थिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। वैश्विक मंचों पर भारत और भारतवासियों की धाक बढ़ रही है। भारतीय प्रतिनिधि दुनिया के विभिन्न मंचों पर तथ्यात्मक बात करते हुए शेर की तरह दहाड़ते हैं। पूरी दुनिया उनको ध्यान से सुनती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा इस मिशन के लिए माइल स्टोन से कम नहीं है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए अहम समझौतों से बड़ा फलक तैयार हुआ है। मोदी दो अवसरों पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय राजनेता बन गए हैं। उनके संबोधन के दौरान अमेरिका के सांसदों का बार-बार खड़े होकर ताली बजाना ऐतिहासिक पल है। अब तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक ऐसी लोकप्रिय शख्सियत बन चुके जिनके आटोग्राफ खुद राष्ट्राध्यक्ष लेने लगे हैं। किसी पूर्वाग्रह के देखा जाए तो मोदी राज में भारत को प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष तरजीह मिल रही है। ऐसी धाक आज तक नहीं रही। यह उसी धाक का कमाल है कि आज मोदी सरकार की विदेश नीति की चर्चा हम देशवासियों के साथ पूरी दुनिया भी कर रही है। सभी को लगने लगा है कि मोदी के 'सुपर पावर इंडिया' का मिशन अब पूर्ण नियंत्रण के साथ उचित रफ्तार में है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेशी दौरों के दौरान समय-समय पर अपनी कुशल कारगर रणनीति व दमदार कार्यशैली के दम पर बार-बार यह साबित किया है - 'झुकती है दुनिया, बस झुकाने वाला चाहिए'।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



-दावे हर साल किए जाते हैं लेकिन हर साल दावे हकीकत उसके उलट होती है। बात हो रही है नगर निगम की व्यवस्था की। इस साल मानसून के कारण विलंब से बारिश शुरू हुई। प्री मानसून बरसात भी नहीं हुई। इस हिसाब से नगर निगम के पास इस बात के लिए पर्याप्त समय था कि वह शहरी क्षेत्र में सफाई व जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करे। इसकी कवायद भी की गई। नगर निगम के पदाधिकारियों की ओर से दावे भी किए गए कि इस बार बरसात में जलजमाव की समस्या नहीं होगी। बरसात शुरू होने के साथ ही सारे दावे ध्वस्त हो गए। सोमवार को दोपहर बाद हुई बारिश से नगर निगम की तैयारियों की पोल खुल गई। राजधानी के कई सड़कें नालियों में तब्दील हो गईं। पूरी राजधानी पानी-पानी हो गई। मेन रोड, कचहरी रोड, लेक रोड, अपर बाजार, चुटिया अमर चौक, हरमू अरगोड़ा चौक, गांधी चौक, कर्बला चौक, चर्च रोड, गुदरी रोड, लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा सदन के पास घुटने तक पानी भर गया। आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड बने हुए 23 वर्ष होने को है पर ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त नहीं हो सका है। लाखों रुपये सीवरेज ड्रेनेज के निर्माण में फूंक दिए गए हैं पर आज भी हल्की बारिश में नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। अभी तो बरसात की शुरुआत हुई है। यह अगले महीने तक जारी रहेगी। सड़कों व नालियों का क्या हाल होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है।

**हरिनाथ साहू, नेता लोकहित अधिकार पार्टी सह केंद्रीय महासचिव, झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# ODISHA में भीषण सड़क हादसा, दो बसों के बीच सीधी टक्कर में 12 लोगों की मौत

## गंजम जिले में हुआ हादसा, दो दर्जन से अधिक हुए घायल, इनमें आठ की हालत गंभीर

**PHOTON NEWS BHUBNESHWAR:** ओडिशा के गंजम जिले में दो बसों के बीच हुई सीधी टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा करीब 2 दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। गंजम ज़िले की डीएम दिब्या ज्योति परिदा के मुताबिक दो बसों के बीच टक्कर से यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि रविवार (25 जून) रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई है। ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त ने जानकारी दी है कि गंजम जिले में हुए इस हादसे में घायल हुए लोगों को एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज, बरहामपुर में भर्ती कराया गया है।



घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस • फोटोन न्यूज



मामले की जांच जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना देर रात करीब एक बजे हुई जब बेरहामपुर से लौट रही एक निजी बस रायगड़ा जिले के गुडारी से उल्टी दिशा से आ रही ओडिशा राज्य सड़क परिवहन निगम (ओएसआरटीसी) की बस से टकरा गई।

**12 लोगों की मौत 8 घायल, डीएम का बयान:** गंजम ज़िले की डीएम दिब्या ज्योति परिदा के मुताबिक दो बसों के बीच टक्कर से यह हादसा हुआ है। हादसा इतना खतरनाक था 10 लोगों की मौत हो गई। घायलों को तुरंत इलाज के लिए एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मामले की जांच चल रही है। उन्होने कहा कि हम घायलों को हर संभव मदद देने की कोशिश कर रहे हैं।

**दुर्घटना के वास्तविक कारणों का लगाया जा रहा है पता: एसपी**

बरहामपुर के एसपी सरवना विवेक एम ने कहा कि घायलों को डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में रखा गया है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आमने-सामने की टक्कर है।
हम ज्यादा जानकारी का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अग्निशमन सेवा टीमों और स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को बचाया और अस्पताल पहुंचाया है।

## खबरें ओडिशा की

### दीपिका इस्पात शिक्षा सदन के विद्यार्थियों को मिला स्कूली बैग व पाठ्य सामग्री



**Rourkela:** राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) के एक निःशुल्क स्कूल का प्रबंधन करने वाली संस्था दीपिका इस्पात शिक्षा सदन ने सोमवार को विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग वितरित किए। इस दौरान संस्था की अध्यक्षा सीमा देब भौमिक मुख्य अतिथि थी। इसमे किताबें, नोटबुक, पेंसिल और इरेजर जैसी पाठ्य सामग्री भी शामिल थी। किट कक्षा एक के नव प्रवेशित छात्रों और कक्षा- दो, तीन और चार को क्रमशः वितरित किए जांएगे। वर्तमान में दीपिका इस्पात शिक्षा सदन में कक्षा 1 से 10 तक 855 छात्र नामांकित हैं। आरएसपी की अक्षय पात्र परियोजना के माध्यम से उन्हें पौष्टिक मध्याह्न भोजन भी प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर सामापिका साहू, सीएसआर के सीनियर मैनेजर एएन पति, संस्था की सचिव निधि सिंघल, डीआईएसएश के प्रधानाध्यपक एस. सामल और डीएमएस के शासी निकाय के सदस्य उपस्थित थे।

### कोयल नदी बराज की नई साइट हमीरपुर के पास की गई चिन्हित



**Rourkela:** राउरकेला के लिए सबसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक कोयल नदी बराज निर्माण कार्य में प्रगति हो रही है। राउरकेला के इस सबसे प्रतीक्षित बराज के निर्माण की नई साइट हमीरपुर के पास देखा गया है। इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास 9 जुलाई 2013 को सीएम नवीन पटनायक ने किया था। पर इस पर काम शुरू नहीं हो सका था। इस परियोजना से राउरकेला के आसपास के बड़े इलाके में सिंचाई की सुविधा मिल सकेंगी। वहीं कोयल के दूसरी ओर रियुन और कचारू जंक्शन पर बनने वाले नए औद्योगिक पार्क के लिए सहायक होगी।

# नवरंगपुर के उपजिलाधिकारी आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार

- राउत के पास मिली 5.21 करोड़ रुपये की संपत्ति, आय के ज्ञात स्रोत से 506 प्रतिशत अधिक

**PHOTON NEWS ROURKELA:** ओडिशा पुलिस की सतर्कता शाखा ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में नवरंगपुर के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार राउत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीम में शामिल अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राउत को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद सुंदरगढ़ जिले की एक अदालत से जमानत अर्जी नामंजूर हो जाने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। सतर्कता विभाग ने बताया कि राउत के पास 5,21,09,659 रुपये की संपत्ति है जो उनकी आय के ज्ञात स्रोत का 506 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि राउत अपने पास तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी होने के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उन्होंने बताया कि राउत और उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि राउत को शनिवार को विशेष सतर्कता अदालत में पेश किया गया था जिसने उनकी जमानत अर्जी खारिज करते हुए उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान जांच अधिकारियों ने भुवनेश्वर में उनके नाम पर दो मंजिला भवन , कटक एवं भुवनेश्वर में महंगे स्थानों पर कई भूखंड तथा नवरंगपुर जिले के उमरकोटे में एक बेनामी भूखंड पाया है। उन्होंने बताया कि इनके अलावा, उनके पास 3,02,30,800 रुपये की नकदी, उनके बैंक खातों एवं बीमा जमा राशि के तौर पर 92.34 लाख रुपये, 27.27 लाख रुपये मूल्य के सोने एवं चांदी के गहने एवं घरेलू सामान भी बरामद किये गये। बयान के अनुसार मामले की जांच जारी है। राउत को 2018 में भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब वह सुंदरगढ़ जिले में प्रखंड विकास अधिकारी थे। इस बीच राउत की गिरफ्तारी से सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ राउत का एक कथित फोटो वायरल हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को तलचेर में पार्टी की एक रैली में आरोप लगाया कि आरोपी को 'तीसरे तल' (मुख्यमंत्री कार्यालय) से संरक्षण मिल रहा था। इस पर बीजद प्रवक्ता सस्मित पात्रा ने कहा, कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने संबंधी ओडिशा सरकार की नीति से परिचित होने के बाद भी प्रधान ऐसे बयान दे रहे हैं।


गिरफ्तार उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार राउत व जब्त रुपये-सामान • फोटोन न्यूज

## आज होगी लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूर्णाहुति



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** विश्व कल्याण व शांति के उदेश्य से साकची स्थित शीतला मंदिर में पिछले सात दिनों से चल रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की गूंज पूरे शहर व इसके आसपास के क्षेत्रों तक जा रही है। यज्ञ के आठवें दिन सोमवार सुबह से ही यज्ञ मंडप के पास भक्तों का तांता लगा हुआ था। विशेष रूप से महिला भक्तों ने भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का स्मरण कर देर तक फेरे लागते रहे। इस दौरान यज्ञ मंत्र के वैदिक व पावन ध्वनि दूर दूर तक सुनाई दे रहा था। सुबह 8 बजे से 12 तक यज्ञशाला में स्थापित सभी देवी देवता का आवाहन किया गया। यज्ञ मंडप में आवाहन एवं पूजन वाराणसी से आये आचार्य चितरंजन शास्त्री, श्रीकांत ओझा, उमेश शुक्ला, चंदन शुक्ला, लवकुश पाण्डेय, मोहन पाण्डेय, देश रंजन चौबे, कृष्णा शंकर मिश्रा द्वारा किया गया। सुबह 10 बजे मंडप पूजा हुआ। इसके बाद हवन पूजा की प्रक्रिया 1 बजे तक चलता रहा। शाम में पूज्य जियर स्वामी के शिष्य संजय स्वामी द्वारा प्रवचन किया गया। प्रवचन में स्वामी जी ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के महिमा के गुणगान किया। इस अवसर पर सैकडों की संख्या में आये भक्तों ने प्रवचन का रसपान किया।

**सुबह 5 से 7 बजे तक होगी पूर्णाहुति :** साकची शीतला मंदिर में पिछले आठ दिन से चल रहे लक्ष्मी नारायण यज्ञ के आज नौवा दिन मंगलवार को यज्ञ की पूणार्हूति होगी। सुबह 5 से 7 बजे तक पूणार्हूति की प्रक्रिया चलेगी। इस अवसर पर यज्ञ समिति ने शहर के सभी भक्तों को यज्ञ पूजा में शामिल होने के लिए अनुरोध किया है।

**28 को होगा महा भंडारा :** यज्ञ समिति ने बताया कि 28 जून बुधवार को दोपहर 1 बजे से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### लायंस क्लब ऑफ पानपोश ने कराया बंडामुंडा स्कूल में शौचालय का निर्माण



**Rourkela:** लायंस क्लब ऑफ पानपोश के तत्वावधान में बंडामुंडा स्कूल में पुरुष और महिलाओं के अलग-अलग शौचालय का उद्घाटन हुआ। क्लब के अध्यक्ष वरुण सोमानी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लायंस क्लब पैनपॉश द्वारा स्कूल की सहायता एवं बच्चों के भविष्य के लिए कार्य किया जा रहा है। क्लब में कंप्यूटर सेंटर, चिल्ड्रेन पार्क भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम निरंतर प्रयास कर रहे है। धीरे धीरे स्कूल की आवश्यकताओं के मुताबिक मदद संस्था करती रहेगी। इस दौरान स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी और स्कूल प्रबंधन के लोग मौजूद रहे।

# दो जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे राशन डीलर, बनाई रणनीति

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन पश्चिमी सिंहभूम जिले के राशन डीलरों की बैठक सोमवार को टाटा कॉलेज प्रांगण में कोल्हान प्रमंडलीय अध्यक्ष फूलकांत झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अपनी नौ सूत्री मांगों के समर्थन में विगत 5 जून को हुई धरना-प्रदर्शन की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी 2 जुलाई से हड़ताल पर जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के राशन डीलर अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 2 जुलाई से हड़ताल पर चले जाएगें। इस संबंध में सभी प्रखंडों में स्मार पत्र सौंपा गया है। इसके पूर्व भी उपायुक्त को झारखंड सरकार के नाम 9 सूत्री मांग पत्र सौंप कर डीलरों को होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान किए जाने की मांग की गई थी। लेकिन अबतक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि 30 जून तक राशन डीलरों की मांगों पर किसी तरह की करवाई नही की गई तो जिले के सभी डीलर 2 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएगें। इसे लेकर रणनीति तैयार की गई। कहा गया कि हड़ताल के दौरान सरकारी राशन डीलर न तो अपनी दुकानें खोलेगें, न ही राज्य खाद्य निगम के गोदामों से राशन आदि का उठाव करेगें। न ही सरकारी राशन कार्ड धारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण करेगें। मौके पर संगीता वर्मा, कृष्णा सिंकु, सिद्धेश्वर करोवा, रामलाल पुरती, सोनाराम पुरती, गुरूचरण पुरती, संजय बलमुचू, कमल किशोर गौड़, फूलचांद बिरूली, प्रशांत कुमार गोप, हरिकृष्णा इचागुटू समेत अन्य मौजूद थे।


बैठक करते राशन डीलर • फोटोन न्यूज

# बेहतर आधारभूत संरचना और शैक्षणिक माहौल में दिख रहा परिवर्तन : सीएम नवीन पटनायक



छात्रों के साथ सीएम नवीन पटनायक व छात्र को पुरस्कृत करते सीएम • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन के शैक्षणिक और छात्रावास भवनों का उद्घाटन करते हुए सोमवार को सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि यह बुनियादी ढांचा छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर वातावरण निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि यह हमेशा से सरकार की प्राथमिकता रही है। सीएम नवीन पटनायाक ने कहा कि इसकी स्थापना ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक योग्य बच्चे तक अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने और प्रदान करने और ओडिशा आदर्श विद्यालयों को देश के लिए एक रोल मॉडल बनाने के विचार के साथ की गई थी। उन्होंने कहा कि विद्यालय से परिवर्तनकारी बदलावों का अनुभव कर रहे हैं। सीएम ने बताया कि ओडिशा आदर्श विद्यालय को सभी 314 ब्लॉकों में चालू कर दिया गया है, वहीं मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए भुवनेश्वर में एक प्रतिष्ठित ओएवी स्थापित किया गया है। सीएम ने ओएवीएस के 13 शैक्षणिक भवनों और 28 छात्रावास भवनों का उद्घाटन किया और ओएवी के 276 छात्रावास भवनों की नींव रखी। सीएम ने ओएवी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चुने गए नए प्रवेशकों को बधाई दी और एनईईटी और जेईई एडवांस्ड उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

## सोनुवा और गोइलकेरा में शिक्षा, रेल सुविधा एवं स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करना पहली प्राथमिकताः गीता कोड़ा

# सांसद ने SONUA प्रखंड का किया तूफानी दौरा

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** यह लोकतंत्र की ताकत है ,आम जनता भी, गरीब जनता भी अपनी बातों को सांसद के समक्ष रख रहे हैं , गांव -गांव, डगर- डगर सांसद गीता कोड़ा क्षेत्र की जनता से लगातार मिलकर समस्याओं से अवगत हो रही है और उसके समाधान की दिशा में पहल किया जा रहा है, इसी क्रम में
आज सांसद सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती गीता कोड़ा ने प्रखंड सोनुवा के अंतर्गत आसन्तलिया, कुलुन्दु से गाईसाई उदयपुर, प्रज्ञा साई, निलाईगोट मदांगजाहिर, गुनियासाई, सोनुवा हाट, साहरान्डिया और बारी इत्यादि दर्जनों गांव का दौरा कर ग्रामीणों के बीच बैठक किया एवं जन समस्याओं को जानने का प्रयास के साथ सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का भौतिक मूल्यांकन भी किया गया, ग्रामीणों ने सांसद से मुख्य रूप से पेयजल, मनरेगा, सड़क व्यवस्था दुरुस्त करने एवं सिंचाई सुविधाओं की मांग रखी, सांसद ने अपनी ओर से समस्या समाधान करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि गांव-गांव घूम कर समस्या जानकारी का क्रम निरंतर चलता रहेगा, सरकारी योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ में निगरानी रखी जाएगी की समयबद्ध कार्य पूर्ण हो, मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत पर सांसद ने कहा कि मजदूरों की मजदूरी भुगतान में कोताही नहीं बरता जाए, साथ ही मनरेगा योजना गांव-गांव में चला कर ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जाए, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने की भी बात सांसद श्रीमती गीता कोड़ा ने कहा, सोनवा गोइलकेरा इत्यादि क्षेत्रों के स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने को लेकर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं उपायुक्त महोदय से सांसद श्रीमती गीता कोड़ा ने क्षेत्र से ही दूरभाष के माध्यम से बात कि, कहां की चक्रधरपुर से अलग स्वास्थ्य सुविधा के लिए सेंटर बनाकर दिया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो और इलाज के लिए आने -जाने की समस्या दूर हो सके।
बरसात रहने के बावजूद क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह देखा गया अपनी लोकप्रिय सांसद के दौरे कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप सेसरदार पुरती, विकास कालिंदी ,साधु गुन्दुवा, रामेश्वर बहंदा, राहुल पुरती, रामलाल बोंबोगा, जयप्रकाश महतो, राजेन्द्र पुरती, अतीश गागराई, सूकरु गोप, डैनी बोदरा, सुरेन्द्र गागराई, अमन बोदरा, नारायण नायक, गोनो दिग्गी,जोंको अंगरिया, सोनाराम कोड़ा, गंगाराम कोड़ा, साधुचरण सामड़ आदि उपस्थित थे।


ग्रामीणों से वार्ता करतीं सांसद गीता कोड़ा • फोटोन न्यूज

# एटीएम का पिन मांगकर एक लाख रुपये उड़ाने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

## पांच साल बाद जामताड़ा व गिरिडीह से गिरफ्तार

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** फर्जी तरीके से फोन करके एटीएम का पिन मांगकर रूपए उड़ा लेने के तीन आरोपियों को मुफ्फसिल थाने की पुलिस ने जामताड़ा, गिरिडीह व देवघर जिले से गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी वर्ष 2017 में पिंकी होनहागा नामक महिला से उसके मोबाइल पर फोन करके उससे उसका एटीएम का पिन प्राप्त कर फर्जी तरीके से उसके पंजा नेशनल बैंक के खाता से 99999 रूपए की निकासी कर लिया था। इस संबंध में मुफ्फसिल में 25 सितंबर को आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। इसके बाद से ही पुलिस सभी तकनीकी बिन्दुओं पर गहनता से अनुसंधान प्रारंभ कर इस कांड का उदभेदन किया। इसमें जामताड़ा के दुधानी निवासी प्रदीप मंडल, गिरिडीह जिले के घाटकुल निवासी तौफिक अंसारी एवं देवघर जिले के जोगीडीह निवासी मो. अजमल अंसारी की संलिप्तता पाई गई। तत्पश्चात मुफ्फसिल थाने की पुलिस जामताड़ा व गिरिडीह पहुंच कर प्रदीप मंडल व तौफिक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। इसी मामले में शामिल मो. अजमल अंसारी के फरार रहने के कारण उसके घर पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गई।


गिरफ्तार आरोपी की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

# एक्टिंग के साथ अब खेती भी करेंगी सुहाना खान!

## अलीबाग में खरीदी की जमीन



शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान काफी चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज साझा करती रहती हैं। सुहाना स्टारकिड्स में काफी मशहूर हैं और ग्लैमरस लुक्स पर सब फिदा रहते हैं। वह बहुत जल्द जोया अख्तर की द आर्चीज में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा भी नजर आने वाले हैं। अब खबर आ रही है कि सुहाना खान ने अलीबाग के थाल गांव में खेत खरीदा है, जिसकी कीमत करोड़ों में है। सुहाना खान यूं तो एक्टिंग की दुनिया में कदम रख चुकी हैं। लेकिन उन्होंने खेती-किसानी की ओर रुख करना भी शुरू कर दिया है। सुहाना खान ने खेती की जमीन के रजिस्ट्रेशन के कागजों में खुद को किसान बताया है। सुहाना खान के इस कदम ने हर किसी को हैरान कर दिया है कि वह आखिर करना क्या चाहती हैं। बता दें कि इस जमीन की कीमत 12 करोड़ 91 लाख रुपये है।




***बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और जाह्नवी कपूर जल्द ही फिल्म बवाल में साथ नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर और रिलीज डेट सामने आई थी। यह फिल्म जुलाई में प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। वहीं अब बवाल को लेकर नई अपडेट सामने आई है।***

# वरुण -जाह्नवी की बवाल का एफिल टॉवर पर होगा प्रीमियर

खबरों के अनुसार फिल्म बवाल का प्रीमियर एफिल टावर पर होगा। मेकर्स ने इस फिल्म के प्रीमियर को दुनिया के सात अजूबों में शामिल पेरिस के एफिल टावर पर दिखाने का फैसला किया है। इसके साथ ही यह भारतीय सिनेमा में इतिहास रच देगी। एफिल टावर पर प्रीमियर के बाद बवाल पहली ऐसी भारतीय फिल्म बन जाएगी, जिसका प्रीमियर दुनिया की किसी आइकॉनिक जगह पर हुआ है। एफिल टावर पर प्रीमियर के दौरान वरुण धवन, जाह्नवी कूपर और नितेश तिवारी मौजूद रहेंगे। एफिल टावर में प्रीमियर होने के बाद ही यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। फिल्म बवाल का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला है। बताया जा रहा है कि बवाल वर्ल्ड वॉर 2 पर आधारित है।


# शहनाज गिल का सिद्धार्थ शुक्ला के बाद किसने तोड़ा दिल!

पंजाब की कैटरीना कैफ शहनाज गिल का बीते दिनों दुबई में जबरदस्त कंसर्ट हुई. इसमें एक्ट्रेस ने फैंस संग जमकर मस्ती की और सभी के साथ फोटोज भी खिंचवाई. इसी दौरान उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया, जिसे सुनकर फैंस शॉक्ड रह गये.बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल अपनी मासूमियत के लिए जानी जाती हैं. एक्ट्रेस की क्यूटनेस पर फैंस फिदा हैं. सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन-फॉलइंग है, जो उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं. बीते दिनों उन्होंने दुबई में लाइव म्यूजिक कंसर्ट किया, जिसमें एक्ट्रेस ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से धूम मचा दी. उनका शो पूरी तरह से हाउसफुल था. अब अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपने सोल्ड आउट शो का एक वीडियो डाला. शहनाज गिल ने अपने कंसर्ट में सिल्वर रंग का हाई-स्लिट गाउन पहना हुआ था. जिसमें वह सुपरहॉट लग रही थी. वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए शहनाज ने कैप्शन में लिखा, प्रिय दर्शकों, आने के लिए धन्यवाद, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं, बिक गया शो लव यू दुबई. क्लिप की शुरुआत शहनाज के मंच पर बैठने से होती है, जब वह कंसर्ट में आए अपने फैंस से बात करती हैं. अपने सभी फैंस के साथ सेल्फी क्लिक करने का वादा करने के बाद, शहनाज़ ने गुरु रंधावा का लेटेस्ट सॉन्ग मून राइज़ गाया. मून राइज गाने के दौरान शहनाज ने यह भी कहा, कई बार दिल तुड़वाने में बड़ा मजा आता है ना, जिसके तुरंत बाद दर्शकों ने कहा, दिल ना तोड़ो. इसके बाद

जाता है. बता दें कि शहनाज गिल हाल ही में इटली के सिसिली में वेकेशन मना रही थी. उन्होंने वहां की कई फोटोज फैंस के साथ शेयर की. बता दें कि शहनाज गिल का नाम किसी का भाई किसी की जान के को-एक्टर राघव जुआल

इसबात का खंडन कर दिया. उन्होंने कहा कि हम सिर्फ अच्छे दोस्त है.

# शुरूआती दिनों में अमिताभ को रिप्लेस कर दूसरे सितारों को लिया जाता था : प्रेम चोपड़ा



हिन्दी सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता प्रेम चोपड़ा, जो ज्यादातर फिल्मों में अपने खलनायक किरदारों के लिए जाने जाते हैं, ने हाल ही में दिए अपने एक साक्षात्कार में बताया कि कैसे मेगास्टार अमिताभ बच्चन शुरू में फिल्मों में मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान नहीं बना सके। अभिनेता ने कहा, जब वह संघर्ष कर रहे थे, तो वह कोई भी भूमिका करने के लिए तैयार थे। मनोज कुमार की फिल्म में एक भूमिका थी, और वह उसे करने के लिए भी तैयार थे, लेकिन फिर यह नहीं बन पाया। शुरुआत में कुछ फिल्मों में उन्हें रिप्लेस कर दिया गया, क्योंकि निर्माता ने कहा कि यह एक व्यावसायिक व्यवसाय है और वह उसे हीरो के रूप में नहीं बेच सकते। लेकिन वह निराश नहीं थे, उन्होंने दृढ़ संकल्प किया था कि वह इसे हासिल करेंगे, चोपड़ा ने कहा। कथित तौर पर बच्चन को दुनिया का मेला (1974) में संजय खान द्वारा रिप्लेस किया गया था, और वह वही थे जो हृषिकेश मुखर्जी की गुड्डी में धर्मेंद्र की भूमिका निभाने वाले थे। अमिताभ और प्रेम चोपड़ा के बीच मधुर और गहरा रिश्ता है। एक पुराने इंटरव्यू में एक्टर ने बिग बी के बारे में कहा था, मैंने उनके साथ दो दर्जन से ज्यादा फिल्में की हैं। उस वक्त भी वह पूरी टीम मेंबर थे। उन्हें इस बात का कोई डर नहीं था कि वह बड़े स्टार हैं। जब वह सेट पर आते थे तो हमेशा अनुशासित, समय के पाबंद और अच्छी तरह से तैयार रहते थे। उन्होंने काम के साथ पूरा न्याय किया और अपने काम के प्रति बहुत समर्पित हैं। बिग बी और प्रेम चोपड़ा का रिश्ता कुछ समय पहले अपने जन्मदिन के अवसर पर, प्रेम चोपड़ा ने साझा किया था कि कैसे सीनियर बच्चन ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामना देने के लिए यात्रा की थी - वर्षों पहले, वह एक रेगिस्तान में शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए फोन बूथ ढूंढने के लिए काफी दूरी तय की। मैं बहुत प्रभावित हुआ। आज भी, वह मुझे मेरे जन्मदिन पर शुभकामना देने वाले पहले व्यक्ति हैं।

# नागा चैतन्य के साथ रिश्ते पर शोभिता धुलिपाला ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला कथित तौर पर नागा चैतन्य को डेट कर रही हैं। सामंथा से अलग होने के बाद नागा चैतन्य और शोभिता के डेटिंग की खबरें फैलने लगीं। दोनों के निजी जीवन पर लगातार ध्यान दिया जाने लगा। हाल ही में एक इंटरव्यू में शोभिता ने बताया कि कैसे इस स्पॉटलाइट से उन्हें कोई परेशानी नहीं है, लेकिन वह चाहती हैं कि लोग उनकी निजी जिंदगी के बजाय उनके काम के बारे में ज्यादा बात करें। हाल ही में दिए इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी अफवाहों पर बात करते हुए शोभिता ने कहा कि ऐसी खबरों से उन्हें बिल्कुल भी परेशानी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी होगी अगर, दर्शक उनके कामकाजी जीवन के बारे में बात करें न कि उनके निजी मामले के बारे में। उन्होंने कहा कि क्योंकि वह विजाग से हैं, इसलिए उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए हर कदम पर कड़ी मेहनत की है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि अगर आप मुझे देखने जा रहे हैं या मुझे जानते हैं तो मैं चाहूंगी कि आप मुझे मेरी खूबियों, कड़ी मेहनत और कला के लिए जानें, क्योंकि यह कुछ ऐसा है, जो मेरे लिए बहुत कीमती है। मैं कहती हूं कि वे मेरी निजी जिंदगी के बारे में कैसे बात कर सकते हैं? मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि मैंने अपने क्राफ्ट पर बहुत मेहनत की है तो कम से कम इसे तो देखो। मैं आसानी से परेशान नहीं होती। इसी इंटरव्यू में उन्होंने अपनी शादी को लेकर भी जवाब दिया। उन्होंने बताया कि उनका होने वाला पति कैसा होना चाहिए और उसमें क्या गुण होने चाहिए। शोभिता ने कहा कि आप जीवन में चाहे कितना भी ऊपर उठ जाएं, आपको विनम्र रहना चाहिए। सादगी, नेक दिल, दूसरों के प्रति दया। हमें यह समझना चाहिए कि यह जीवन बहुत छोटा है और जीवन के हर पल का आनंद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को चाहेंगी, जो जमीन से जुड़े हुए हो। जोया अख्तर और रीमा कागती की सीरीज मेड इन हेवन में अपनी मुख्य भूमिका के जरिए लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री को आखिरी बार पोन्नियिन सेलवन में देखा गया था। अगली बार वह द नाइट मैनेजर पार्ट 2 में दिखाई देंगी, जो आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर-स्टारर जासूसी थ्रिलर का दूसरा भाग है। यह 30 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए तैयार है।






# एक्टिंग के बाद संजय दत्त ने मारी क्रिकेट के मैदान में एंट्री

बॉलीवुड के कई सेलेब्स एक्टिंग के अलावा कई बिजनेस में हाथ आजमाते रहते हैं। वहीं अब संजय दत्त ने एक्टिंग के अलावा क्रिकेट के मैदान में भी एंट्री मार दी है। एक्टर ने आगामी जिम्बाब्वे एफ्रो टी-10 लीग में हरारे हरिकेन टीम खरीदी है। संजय दत्त एरीज ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक सोहन रॉय के साथ टीम के संयुक्त मालिक होंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 20 जुलाई से होगी। ज़िम्बाब्वे द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें शामिल होंगी, जिसमें- डरबन कलंदर्स, केपटाउन सैम्प आर्मी, बुलावायो ब्रेव्स, जोबर्ग लायंस और हरारे हरिकेन्स मौजूद हैं। जिम एफ्रो टी10 जिम्बाब्वे का पहला ऐसा फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट इवेंट होगा, जो हरारे में होगा। संजय दत्त ने टूर्नामेंट में टीम के सह मालिक बनने पर अपने उत्साह को व्यक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि हरारे हरिकेन्स टूर्नामेंट अच्छा प्रदर्शन करेगी और जिम्बाब्वे में क्रिकेट फैंस का मनोरंजन करेगी। संजय दत्त ने कहा, भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह है और खेल के सबसे बड़े देशों में से एक है, मुझे लगता है कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम खेल को दुनिया के हर कोने में ले जाएं। खेल में ज़िम्बाब्वे का इतिहास अच्छा है और इसके साथ जुड़ना और प्रशंसकों को एक महान समय बिताने में मदद करना कुछ ऐसा है जो वाकई में मुझे खुशी देता है। बता दें कि संजय दत्त कई बिजनेस में हाथ आजमाते रहते हैं। हाल ही उन्होंने एक शराब कंपनी में भी निवेश किया था। इसके अलावा संजय दत्त एक मीडिया हाउस साइबरमीडिया इंडिया लिमिटेड के 1 फीसदी शेयर होल्डर भी है।



# संजय लीला भंसाली 20 साल से कर रहे हैं बैजू बावरा की कहानी पर काम



दूरदर्शी फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं जो पूरे जुनून के साथ अपने हर प्रोजेक्ट को अंजाम देते हैं ताकि दर्शकों को ऐसा अनुभव मिले, जैसा पहले उन्होंने कभी नहीं किया हो। संजय लीला भंसाली सिनेमा के उन महान लोगों के बीच शुमार हैं जो भारतीय सिनेमा के ताने-बाने के अभिन्न अंग रहे हैं। फिल्ममेकर अपनी बड़ी और शानदार फिल्मों के लिए भी सुपर फेमस हैं। लेकिन वो एक ऐसे फिल्म भी निर्देशक हैं जो अपनी किसी भी फिल्म को सिल्वर स्क्रीन्स पर उतारने से पहले सालों तक उसपर काम करने में यकीन रखते हैं। दिलचस्प बात यह है कि उनका अगला प्रोजेक्ट बैजू बावरा भी पिछले दो दशकों से उनके दिमाग में है, जिससे यह एक लंबे समय से संजोया गया सपना बन गया है जो आखिरकार अब साकार हो रहा है। संजय लीला भंसाली का आखिरी प्रोजेक्ट जिसे उन्होंने इतने लंबे समय तक अपने दिमाग में रखा था, वो बाजीराव मस्तानी थी, एक ऐतिहासिक फिल्म जिसे उन्होंने अपनी रोमांटिक क्लासिक हम दिल दे चुके सनम के ठीक बाद बनाने की कल्पना की थी। तथ्य यह है कि भंसाली के रचनात्मक विचार इतनी लंबे समय में विकसित हो सकते हैं जोकि यह उनके शिल्प के प्रति उनकी कमिटमेंट और डेडिकेशन का एक सबूत है। अब, 20 साल के सोच-विचार और सावधानीपूर्वक योजना के बाद, संजय लीला भंसाली बैजू बावरा को जीवंत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इन सालों में फिल्म की हर छोटी से छोटी डिटेल पर पूरा ध्यान लगाकर काम किया है, ये सबजेक्ट भी उनके दिमाग में दृढ़ता के साथ बना रहा है, जो इसके प्रभाव और महत्व की गवाही देता है। जबकि फिल्म से जुड़ी हर खास डिटेल को अभी सीक्रेट रखा गया है, कहा जाता है कि भंसाली की विविध फिल्मोग्राफी में एक और आयाम जोड़ते हुए यह दो सिंगर्स के आसपास घूमने वाली एक पूरी तरह से म्यूजिकल फिल्म की शुरुआत होगी। वहीं प्रशंसक और इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्र समान रूप से इस फिल्म को लेकर तरह तरह के अनुमान लगाते रहे हैं। इसके अलावा बैजू बावरा की कास्टिंग को लेकर ऐसी अफवाहें सामने आ रही है कि फिल्म में पॉपुलर एक्टर रणवीर सिंह और आलिया भट्ट नजर आएंगे। फिल्म के लिए इन अफवाहों और प्रत्याशा को देखते हुए कह सकते है कि यह संजय लीला भंसाली के अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी वेंचर्स में से एक के रूप में उभरा है। ऐसे में विस्तार पर उनके ध्यान और शानदार फिल्म बनाने की उनकी क्षमता के साथ, दर्शक एसएलबी बैनर से सिनेमाई चमत्कार से कम की उम्मीद नहीं कर सकते। भारतीय फिल्म मेकिंग की विरासत को संरक्षित करने के लिए एसएलबी के समर्पण ने उन्हें राज कपूर, के आसिफ, महबूब खान, वी शांताराम, गुरु दत्त और कमाल अमरोही जैसे दिग्गज निर्देशकों के बीच जगह दी है। संजय लीला भंसाली असल रूप से भारतीय फिल्म विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जो आत्मा को छूने वाली टाइमलेस कहानियों को एक साथ बुनते हैं। जबकि प्रशंसक इससे जुड़ी अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, यह साफ है कि बैजू बावरा भारतीय सिनेमा की सबसे अहम फिल्मों में से एक होने का वादा करती है। संजय लीला भंसाली की यह परियोजना जिसपर वो 20 सालों से काम कर रहें है आखिरकार अपने कलात्मक प्रतिभा और स्टोरीटेलिंग की ताकत के साथ दर्शकों को दीवाना करने की राह पर है।



# हनी सिंह को गोल्डी बरार ने दी जान से मारने की धमकी

हनी सिंह ने कहा मुझे जान से मारने की धमकी मिली है. मुझे और मेरे स्टाफ को गोल्डी बरार की ओर से फोन आए हैं. मैंने सीपी सर से अनुरोध किया है कि मुझे सुरक्षा दी जाए और इसकी जांच की जाए. मैं सचमुच डरा हुआ हूं. अपडेट्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझसे इस बारे में ज्यादा बात न करने के लिए कहा गया है, क्योंकि इस मामले की जांच की जाएगी. मैंने सबूत दिए हैं. यह मेरे जीवन में मेरे साथ पहली बार हुआ है. लोगों ने हमेशा मुझ पर प्यार बरसाया है. यह पहली बार है कि मुझे ऐसी धमकी मिली है. मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है. मौत से कौन नहीं डरता? मैं हमेशा एक चीज से डरता हूं, और वह है मौत. मैंने सुरक्षा मांगी है, कॉल एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से है, उनमें से कुछ कॉल हैं और कुछ वॉयस नोट्स हैं